प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




अब देश के प्रधानमंत्री ऑफिस का नया पता होगा, "सेवा तीर्थ" पेज-2


महिला की दीवार में दबकर मौत, दो घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 57 | रविवार 15 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# नोएडा मेट्रो विस्तार को मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

## -बॉटेनिकल गार्डन बनेगा बड़ा इंटरचेंज, मार्च 2026 से शुरू होगा काम

(एजेंसी) नई दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा



सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गयी, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है। यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61.62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा। उन्होंने बताया कि नयी योजना पूरी होने से सार्वजनिक परिवहन में काफी सुधार होगा। अभी जहां भी अच्छे सम्पर्क की कमी है उसमें सुधार होगा और ज्यादा मांग वाले गलियारे के साथ सीधा सम्पर्क स्थापित करेगा। वैष्णव ने बताया कि इसका मकसद नोएडा के खास क्षेत्र को जोड़ना है, जिसमें कई वाणिज्यिक केंद्र जैसे सेक्टर–142 में उन्नत व्यापार पार्क, सेक्टर–98 में स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर–93 में मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर–145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर–157 में टीसीएस, सेक्टर–126 में हैवेल्स, सेक्टर–132 में इंफोसिस, सेक्टर–135 में कॉग्निजेंट, सेक्टर–132 में एडोब और सेक्टर–127 में ओरेकल शामिल हैं। इस मार्ग पर कई बहुराष्ट्रीय निगम या बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) केंद्र स्थित हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ इस गलियारे में सेक्टर–125 में एमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर–91 में पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर–44 में महामाया बालिका इंटर कॉलेज जैसे शैक्षिण संस्थान, सेक्टर–128 में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जैसे स्वास्थ्य केंद्र, बॉटैनिकल गार्डन, सेक्टर–93 पार्क जैसे बड़े पर्यटन स्थल हैं। उन्होंने कहा कि इन जरूरी इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़कर नोएडा सेक्टर 142 से बॉटैनिकल गार्डन (नोएडा) तक विस्तारित गलियारा न सिर्फ यातायात के सम्पर्क को बढ़ाएगा बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि एक अच्छे वैकल्पिक रोड परिवहन के तौर पर मेट्रो रेल और नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन (नोएडा) तक विस्तारित गलियारे के साथ नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार से यातायात जाम कम होने की उम्मीद है। सड़क यातायात कम होने से गाड़ियों की आवाजाही आसान हो सकती है, यात्रा का समय कम हो सकता है और पूरी सड़क सुरक्षा बढ़ सकती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने बताया कि नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन (नोएडा) तक विस्तारित गलियारा जुड़ने से नोएडा मेट्रो रेल परियोजना और नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा शहर में कुल मेट्रो रेल नेटवर्क बढोगा और इससे पारंपरिक जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन की तुलना में कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि इस गलियारे से शहर के अलग–अलग हिस्सों से दिल्ली के हवाई अड्डा, दिल्ली के रेलवे स्टेशनों और अलग–अलग बस डिपो जैसे परिवहन केंद्रों तक बेहतर पहुंच आसान होगी और लोगों को अपने काम की जगहों और अन्य स्थलों तक आसानी से पहुंचने की सुविधा मिलेगी। बेहतर सम्पर्क स्थापित होने से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है, खासकर नए मेट्रो स्टेशनों के पास के इलाकों में, जिससे पहले कम पहुंच वाले इलाकों में भी निवेश और विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि नोएडा सेक्टर 142 से नोएडा में बॉटनिकल गार्डन (नोएडा) मेट्रो रेल नेटवर्क तक विस्तारित गलियारे से सार्वजनिक परिवहन तक ज्यादा पहुंच मिलेगी, जिससे अलग–अलग सामाजिक–आर्थिक समूह को फायदा होगा और परिवहन में अंतर कम होगा। इससे आने–जाने का समय कम होगा और जरूरी सेवाओं तक पहुंच बेहतर होगी, जिससे जीवन की क्वालिटी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में बड़े बदलाव के लिए कारगर साबित होगा। इससे बेहतर सम्पर्क, यातायात जाम कम होने, पर्यावरण को फायदा, आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी। शहर की मुख्य चुनौतियों का समाधान करके और भविष्य में विस्तार के लिए एक आधार देकर, यह शहर के विकास की राह औरवहनीयता को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दे पर निशिकांत दुबे ने दी राहुल गांधी को खुली बहस की चुनौती

(एजेंसी) नई दिल्ली। रांची भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत–अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर ष्बड़ा झूठष फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है। उन्होंने इस मुद्दे को अमेरिका से कपास आयात से भी जोड़ा था। निशिकांत दुबे ने इन दावों को खारिज करते हुए आरोपों के तथ्यात्मक आधार पर सवाल उठाए और राहुल गांधी से अमेरिका से कपास आयात की



वास्तविक आवश्यकता और उसके पैमाने को स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने भारत में कपास उत्पादन, कपास किसानों की मौजूदा स्थिति, वस्त्र मिलों की हालत और व्यापक व्यापारिक वास्तविकताओं पर भी स्पष्टीकरण मांगा। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का बयान भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से दिया गया है और उन्होंने इसे ष्फर्जी नैरेटिवष करार दिया। उन्होंने कथित बाहरी प्रभावों और वैचारिक संबंधों का भी उल्लेख करते हुए राहुल गांधी को षकिसी भी मंच परष बहस के लिए चुनौती दी। यह बयान ऐसे समय आया है जब सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ा हुआ है। गौरतलब है कि निशिकांत दुबे ने हाल ही में लोकसभा में एक प्रस्ताव पेश कर अलग आरोपों के आधार पर श्री राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने की मांग भी की है, जिसमें उन्होंने 1978 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े संसद के एक प्रकरण का हवाला दिया है।

# ट्रक में जा घुसी कार, 3 सीआरपीएफ जवान समेत 4 लोगों की मौत

(एजेंसी) धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। अर्जुनी थाना क्षेत्र के खपरी बायपास पर तेज रफ्तार कार सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में सीआरपीएफ के तीन जवानों और ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि ये जवान होली के त्योहार के लिए अपने घर जा रहे थे। मृतकों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, एसआई उमेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल राजकुमार गौड़ और ड्राइवर हीरालाल नागर के रूप में हुई है। घायल जवान अभिमान राय का इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी जवान जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे थे। धमतरी पहुंचने पर खपरी बायपास के पास उनकी कार ट्रक के पीछे घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह पिचक गई और एयरबैग खुलने के बावजूद उसमें सवार लोगों की जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद शव और घायल कार में फंसे रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन, कटर और सब्बल की मदद से कार की बॉडी काटकर सभी को बाहर निकाला। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां ड्राइवर और एक जवान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, एडिशनल एसपी शैलेंद्र पांडेय और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर उन्हें मॉर्चुरी में रखवा दिया है। परिजनों को सूचना दी जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# बांग्लादेश में नयी सरकार बनने के बाद भारत के साथ संबंध बेहतर होने की उम्मीद : उमर अब्दुल्ला

(एजेंसी) श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में नयी सरकार बनने के बाद भारत के उसके साथ संबंध बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में



स्थिरता से भारत को लाभ होगा। श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक एग्रीटेक महोत्सव गोंगुल के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में अब्दुल्ला ने कहा, हमारे पड़ोसी देश जितने अधिक स्थिर होंगे, उतना ही हमें फायदा होगा। कोई भी देश युद्ध या अपने किसी पड़ोसी देश को अस्थिर नहीं देखना चाहता फिर चाहे वह बांग्लादेश हो, श्रीलंका, नेपाल या कोई अन्य देश हो। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि बांग्लादेश में लोकतंत्र कायम रहे और वह स्थिर तथा समृद्ध बने। अब्दुल्ला ने कहा हमें उम्मीद है कि वहां सरकार गठन के बाद दोनों देशों के रिश्ते सुधरेंगे, जिनमें कुछ कड़वाहट आ गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों की मदद से किसानों तक प्रौद्योगिकी आधारित जैविक समाधान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा, लाखों लोग इस महोत्सव में आ रहे हैं और इसका लाभ उठा रहे हैं। यदि व्यापार समझौते के बाद हमें अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा करनी है और उनका कृषि उत्पाद हमारे बाजार में आएगा, तो हमें अपनी उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ानी होगी। इस दिशा में यह महोत्सव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# योगी ने लोगों की सुनीं समस्याएं, कहा, किसी भी प्रकरण में गलत रिपोर्ट बर्दाश्त नहीं, दोषी अधिकारियों पर दर्ज होगा केस

(एजेंसी) गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी मामले में जांच के दौरान



यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि हर मामले की निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को ये निर्देश दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी निस्तारण होगा। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद में शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझ कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के खर्च का ब्योरा लेकर शासन को उपलब्ध कराया जाए तथा इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

# सीएम योगी के बयान पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का पलटवार

## कहा-क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी कि कौन होगा शंकराचार्य

(एजेंसी) वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में



शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण–पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा, जबकि देश में ऐसी कोई विधिक व्यवस्था नहीं है कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी को शंकराचार्य घोषित कर दे। उन्होंने इसे आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर यानी विधानसभा में इस प्रकार की टिप्पणी उचित नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब भारतीय जनता पार्टी या उत्तर प्रदेश सरकार यह तय करेगी कि शंकराचार्य कौन होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिन वासुदेवानंद जी को शंकराचार्य कहा जा रहा है, उन्हें लेकर न्यायालयों में आपत्तियां दर्ज हैं। उनके अनुसार उच्चतम न्यायालय और निचली अदालतों ने संबंधित व्यक्ति को स्वयं को शंकराचार्य के रूप में प्रस्तुत करने से रोका है, इसके बावजूद उन्हें यह पदवी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन्हें परंपरागत मान्यता प्राप्त है, उन्हें शंकराचार्य नहीं माना जा रहा, जो कि धार्मिक क्षेत्र में हस्तक्षेप का संकेत है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर पद के अहंकार का आरोप भी लगाया। कुंभ और माघ मेले में स्नान पर उठे विवाद के संदर्भ में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य अनादि काल से मर्यादा के अनुसार स्नान करते आए हैं और कभी भगदड़ की शिकायत नहीं रही। उन्होंने प्रश्न किया कि इसी बार इनके समय में भगदड़ की आशंका कैसे उत्पन्न हो गई। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के विधानसभा में दिए गए बयान के बाद यह विवाद राजनीतिक और धार्मिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बम के धमाकों से गूंजा रायबरेली: महिला की मौत, तीन गंभीर

(एजेंसी) रायबरेली। सलोन कोतवाली क्षेत्र में पटाखे के अवैध भण्डारण विस्फोट का मामला सामने आया है। विस्फोट में जिस घर के भीतर इसका भण्डारण किया गया था वह एक झटके में जमींदोर हो गया है। वहीं इसकी चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन की हालत गंभीर है। मौके पर एसपी रवि कुमार और एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने पहुंचकर जांच किया। साथ घायलों के बेहतर इलाज कराने का निर्देश दिया। मामला मामला सलोन थाना क्षेत्र के कराहिया पुलिस चौकी क्षेत्र के साहबगंज बाजार का है। यहाँ पटाखा लाइसेंसधारी फिरोज ने घर के भीतर पटाखे का अवैध भण्डारण किया था। देर रात इसी पटाखे में अज्ञात कारणों से विस्फोट हुआ तो पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया।

# मोदी सरकार ने किसानों और कपड़ा उद्योग को नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया : राहुल

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा, 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत–अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा, भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों



गई? कांग्रेस नेता ने कहा, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है – या फिर ष्आगे कुआं, पीछे खाईष की हालत में फंसाने वाला जाल?ष उन्होंने कहा, अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा कपड़ा उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत में कपड़ा उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं और करोड़ों लोगों की रोजी–रोटी इन्हीं पर टिकी है। उन्होंने कहा, इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जिससे कपास किसानों और कपड़ा निर्यात – दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित होती।ष उन्होंने दावा किया, इसके ठीक उलट, नरेन्द्र सरेंडर मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।

# सम्पादकीय

## योगी की अखिलेश को नसीहत

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं हो सकता और कोई भी हर पीठ के आचार्य के रूप में जाकर वातावरण खराब नहीं कर सकता। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उन्होंने कहा कि मर्यादाओं का पालन सभी को करना होगा। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि अगर वह शंकराचार्य थे तो वाराणसी में लाठीचार्ज क्यो किया गया था और एफआईआर क्यों दर्ज हुई थी। उन्होंने कहा कि नैतिकता की बात करने वालों को पहले अपने आचरण पर ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां साढ़े चार करोड़ श्रद्धालु पहुंचे हों, वहां व्यवस्था और सुरक्षा सर्वोपरि है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्नान के बाद श्रद्धालु एग्जिट गेट से बाहर निकल रहे हों, उसी मार्ग से किसी को अंदर जाने का प्रयास नहीं करना चाहिए।मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि इस तरह का कदम एक नई भगदड़ को जन्म दे सकता है और श्रद्धालुओं के जीवन के साथ खिलवाड़ हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार और मर्यादित व्यक्ति कभी इस प्रकार का आचरण नहीं कर सकता। मालूम हो कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया था कि माघ मेले के दौरान एक पूजनीय शंकराचार्य को गंगा में डुबकी लगाने जैसी पुरानी परंपराओं का पालन करने से रोका गया, जो कि सनातन धर्म के विरुद्ध है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा था कि संतों को रोकने वाला व्यक्ति सच्चा सनातनी नहीं हो सकता। अब अखिलेश यादव के इन आरोपों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद कड़े शब्दों में जवाब दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शंकराचार्य का पद अत्यंत सम्मानित है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि कोई भी नियमों और मर्यादाओं को ताक पर रख दे। उन्होंने कानून की सर्वोच्चता पर जोर देते हुए कहा, कानून किसी के लिए अलग नहीं होता और किसी को भी नियमों के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपको पूजना है सपा के लोग तो पूजें, लेकिन हम लोग मर्यादित लोग हैं, कानून का शासन पर विश्वास करते हैं। कानून का पालन करना भी जानते हैं और पालन करवाना भी जानते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि माघ मेले में जहां 4.5 करोड़ श्रद्धालु मौजूद हों, वहां किसी भी मार्ग को जाम नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रतिबंधित मार्ग से जबरन अंदर जाने की कोशिश करता है, तो वहां भगदड़ जैसी जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है, जो किसी भी श्मर्यादित व्यक्तिश को शोभा नहीं देती।



नफीस जाफरी

## पुलवामा हमले से उपजा राष्ट्रीय संकल्प

सुरेश कुमार गोयल

14 फरवरी, 2019 के दिन पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों में से एक ने आत्मघाती हमलावर बन कर जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सेना के काफिले पर पुलवामा जिले के लेथपोरा में एक वाहन में सवार होकर भीषण आत्मघाती हमला किया था। इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 76वीं बटालियन के 40 जवान शहीद हो गए। हमलावर पुलवामा जिले का ही रहने वाला पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी समूह जैश–ए–मोहम्मद से जुड़ा स्थानीय कश्मीरी युवक आदिल अहमद डार था। पुलवामा के लेथपोरा क्षेत्र में जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सी.आर.पी.एफ. के 78 वाहनों का काफिला जम्मू से श्रीनगर की ओर बढ़ रहा था और सैंकड़ों जवान (लगभग 2500) ड्यूटी पर लौट रहे थे। दोपहर लगभग 3 बजे आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार को जवानों की बस से टक्कर मार दी। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास का क्षेत्र दहल उठा। कई जवान मौके पर ही शहीद हो गए और कई गंभीर रूप से घायल हुए। यह केवल एक आतंकी घटना नहीं थी, बल्कि भारत की एकता, सुरक्षा और संप्रभुता को चुनौती देने का प्रयास था। इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद ने ली। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया, जबकि पाकिस्तान ने हमेशा की तरह इस हमले के साथ किसी भी तरह का संबंध होने से इंकार किया। आतंकवाद का चरित्र कायरतापूर्ण होता हैकृवह छिपकर वार करता है और निर्दोषों की जान लेता है। पुलवामा ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि सीमा पार से पोषित आतंकवाद केवल क्षेत्रीय समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौती है। हमले की खबर फैलते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। गांवों और शहरों में लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर और मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जब शहीदों के पार्थिव शरीर उनके गृह राज्यों में पहुंचे, तो हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। हर आंख नम थी, लेकिन हर हृदय में देशभक्ति की भावना प्रबल थी। शहीदों के परिवारों ने अपने प्रियजनों की शहादत पर गर्व व्यक्त करते हुए राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था दिखाई। यह भारतीय संस्कृति और संस्कारों की महानता का प्रतीक है। इस भीषण हमले में उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 5, पंजाब के 4, बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से 2–2, असम, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल, केरल, झारखंड और मध्य प्रदेश से 1–1, कुल मिलाकर 40 वीर जवानों ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। इस घटना की विश्व भर में निंदा हुई और कई देशों ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत का समर्थन किया। भारत सरकार ने पाकिस्तान को इसका दोषी मानते हुए कूटनीतिक और राजनीतिक स्तर पर कड़े कदम उठाए और पाकिस्तान से 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्जा वापस ले लिया ।पुलवामा हमले के बाद भारत की मोदी सरकार ने आतंकवाद के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया। 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बालाकोट में स्थित आतंकी प्रशिक्षण शिविरों ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। यह कार्रवाई आत्मरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश थी। इसके अगले दिन 27 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच हवाई तनाव की स्थिति बनी, जिसमें भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पाकिस्तान ने बंदी बना लिया था। अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक प्रयासों के बाद 1 मार्च, 2019 को उन्हें भारत को लौटा दिया गया। मई 2019 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जैश–ए–मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया। इसे भारत की कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा गया। आज, पुलवामा की याद हमें केवल शोक मनाने के लिए नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प के लिए भी प्रेरित करती है। आतंकवाद के विरुद्ध कठोरता बरतना आवश्यक है, पर उतना ही आवश्यक है सामाजिक सौहार्द, युवाओं को सकारात्मक दिशा और विकास की मुख्यधारा से जोडना। पुलवामा हमला एक काला अध्याय अवश्य है, परंतु इससे उपजा राष्ट्रीय संकल्प भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह घटना हमें निरंतर सतर्क रहने, सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने और आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग को बढ़ाने की प्रेरणा देती है। शहीदों का बलिदान केवल स्मृति नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है,एक सुरक्षित, सशक्त और एकजुट भारत के निर्माण की जिम्मेदारी।

## अब देश के प्रधानमंत्री ऑफ़िस का नया पता होगा, "सेवा तीर्थ"



गुलफिशा खान

आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री कार्यालय अपने ऐतिहासिक ठिकाने साउथ ब्लॉक को छोड़कर नई इमारत 'सेवा तीर्थ– में शिट हो गया। 1947 से आज तक यहीं से देश के सभी प्रधानमंत्रियों ने काम किया और ऐसे अनगिनत फैसले लिए जिन्होंने भारत की दिशा और दशा बदल दी। साउथ ब्लॉक में पीएमओ के साथ विदेश और रक्षा मंत्रालयों के दतर भी मौजूद रहे। यानी भारत की राजनीति, कूटनीति और सुरक्षा के बड़े फैसलों का यही केंद्र रहा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ऑफिस का नया पता होगा, सेवा तीर्थ... यहां यह बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएमओ की नई इमारत सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 और 2 का बीती 13 फरवरी को उद्घाटन किया। 13 फरवरी की तारीख बहुत ऐतिहासिक भी है, क्योंकि इसी तारीख को नई दिल्ली को औपचारिक रूप से भारत की आधुनिक राजधानी बनाए जाने के 95 साल पूरे हुए हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि इस सेवा तीर्थ परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय स्थित हैं. सेवा तीर्थ परिसर की दीवार पर 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य भी अंकित है। सेवा तीर्थ में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले फैसलों में, प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा की भावना को दर्शाने वाले महत्वपूर्ण फैसलों पर हस्ताक्षर कि।. ये फैसले समाज के हर वर्ग किसान, महिलाएं, युवा और कमजोर नागरिक को प्रभावित करते हैं। जहां तक सेवा तीर्थ का सवाल है तो सेवा तीर्थ परिसर दारा शिकोह रोड पर है। यह लगभग 2.26 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में स्थित है। इसे लगभग घ1,189 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। नए बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स, मॉडर्न और भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के अंदर प्रशासनिक कार्यों को एक साथ करके इन समस्याओं का समाधान करते हैं। सेवा तीर्थ




में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय बने हुए हैं, जो पहले अलग–अलग जगहों पर थे। यह पूरी तरह से एक स्मार्ट ऑफिस है जहाँ हाई–स्पीड इंटरनेट, पेपरलेस वर्क कल्चर के लिए डिजिटल आर्काइव्स और अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम मौजूद हैं। आइए इस आलेख के माध्यम से आपको बताते हैं नया प्रधानमंत्री ऑफिस किन मायनों में खास है। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय हैं, जो पहले अलग–अलग स्थानों पर स्थित थे।परिसर में कुल तीन मुख्य इमारतें हैं– सेवा तीर्थ–1 जहां प्रधानमंत्री कार्यालय का मुख्यालय है। सेवा तीर्थ–2 में कैबिनेट सचिवालय है, जबकि सेवा तीर्थ–3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तथा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के कार्यालय हैं। साउथ और नॉर्थ ब्लॉक को खाली कर उन्हें सार्वजनिक उपयोग के लिए संग्रहालयों में बदलने की योजना है. नॉर्थ ब्लॉक में युगे युगीन संग्रहालय के लिए काम शुरू भी कर दिया गया है। कर्तव्य भवन 1 और 2 में कानून, रक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, .षि और कई अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कार्यालय स्थित हैं। दोनों भवन परिसरों में डिजिटल रूप से एकी.त कार्यालय, संरचित सार्वजनिक संपर्क क्षेत्र और सेंट्रल वेलकम सुविधाएं हैं। 4–स्टार जीआरआईएचए (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटैट असेसमेंट) मानकों के अनुरूप डिजाइन किए गए इन परिसरों में लेटेस्ट एनर्जी सिस्टम, जल संरक्षण उपाय, अपशिष्ट प्रबंधन समाधान और शानदार हॉल स्ट्रक्चर शामिल हैं। इन भवन परिसरों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं जैसे कि स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, मॉनिटरिंग नेटवर्क और एडवांस्ड एनर्जी रिस्पॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर, जिससे अधिकारियों और आने वाले लोगों के लिए सुरक्षित एवं सुगम वातावरण सुनिश्चित होता है। साउथ ब्लॉक में पहली कैबिनेट बैठक पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की अध्यक्षता में 15 अगस्त 1947 को हुई थी और अब 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां अंतिम कैबिनेट बैठक बुलाई गई थी। वैसे कैबिनेट की बैठकें प्राय– प्रधानमंत्री निवास सात लोक कल्याण मार्ग पर होती आई हैं, जहां कैबिनेट की बैठकों के लिए एक अलग कक्ष बनाया गया है। लेकिन सेवा तीर्थ शिट होने से पहले साउथ ब्लॉक में आखिरी बार कैबिनेट की बैठक बुलाई गई थी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से अपने नए पते, सेवा तीर्थ में स्थानांतरित हुआ है। संयोगवश, ठीक इसी दिन, 13 फरवरी 1931 को, अंग्रेजों ने नई दिल्ली को औपनिवेशिक भारत की राजधानी घोषित किया था। औपनिवेशिक घोषणा से लेकर इस निर्णायक परिवर्तन तक का सफर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के औपनिवेशिक विरासत को त्यागने और वास्तव में आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी नए भारत के निर्माण के संकल्प को दर्शाता है।

## बांग्लादेश में तारिक़ रहमान की जीत भारत के लिए कितनी अहम?



फरीद वारसी

बांग्लादेश की जनता ने अपना चुनावी फैसला सुना दिया है। वहां के लोगों ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी को प्रचंड बहुमत दिया है और उसके नेता तारिक रहमान पीएम की कुर्सी पर बैठेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तारिक रहमान और उनकी पार्टी को इस शानदारी जीत पर बधाई दी है। नई दिल्ली की नजर तारिक रहमान और उनकी पार्टी की इस जीत पर करीबी से है क्योंकि यह नतीजा न सिर्फ बांग्लादेश की राजनीति के लिए बल्कि भारत के लिए भी बहुत मायने रखता है। खासकर उस समय जब भारत समर्थक अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था, शेख हसीना भारत में शरण लेने को मजबूर हैं और बांग्लादेश में भारत विरोधी नैरेटिव को खूब हवा दी गई है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि नई सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार की सुबह ही बांग्लादेश के नए नेता को बधाई देकर पहल की। यहां यह बताते चलें कि भारत की ओर से यह बधाई संदेश चीन या पाकिस्तान से भी पहले दिया गया। जानकारों का मानना है कि ढाका को लेकर किसी भी खींचतान में यह कदम अहम हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तारिक रहमान और उनकी पार्टी को "गरमजोशी भरी बधाई" दी और कहा कि यह जीत बांग्लादेश की जनता के उनके नेतृत्व पर भरोसे को दिखाती है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि भारत एक "लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश" का समर्थन करेगा। नई सरकार के लिए यह एक सामान्य संदेश था, लेकिन इसके पीछे साफ संकेत था। भारत चाहता है कि पिछले 18 महीनों की उथल–पुथल को पीछे छोड़कर, जिसमें बांग्लादेश का चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ता संपर्क और हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्याएं शामिल रहीं, एक स्थिर और कामकाजी रिश्ता बनाया जाए ताकि दशकों पुराना सहयोगी साथ बना रहे। भारत इस चुनाव पर करीबी नजर रखे हुए था क्योंकि नई सरकार का रुख दक्षिण एशिया की राजनीति और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। नई दिल्ली के नजरिए से तीन जुड़े हुए मुद्दे हैं। सबसे बड़ा मुद्दा पाकिस्तान–चीन–बांग्लादेश जुगत की संभावना है। अगर नई सरकार की विदेश नीति शेख हसीना सरकार से कम भारत समर्थक हुई तो यह समीकरण बदल सकता है। ऐसा गठजोड़ दक्षिण एशिया में भारत की मजबूत पकड़ पर नकारात्मक असर डाल सकता है। दूसरा मुद्दा सीमा और आंतरिक सुरक्षा का है। अवैध घुसपैठ, खासकर पश्चिम बंगाल और असम चुनाव से पहले, बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद वहां भड़की हिंसा में हिंदू विरोधी भावनाएं भी उभरीं थीं। तीसरा अहम पहलू व्यापार का है, हालांकि यह अन्य दोनों की तुलना में कम अहमियत रखता है, क्योंकि भारत के पास करीब 10 बिलियन डॉलर का सरप्लस है और वह बांग्लादेश की रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री को 80 फीसद से अधिक कच्चे कॉटन की आपूर्ति करता है। बता दें कि बांग्लादेश की रेडीमेट गारमेंट इंडस्ट्री उसकी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में बड़ा किरदार रखती है। शेख हसीना के दौर में दिल्ली और ढाका के रिश्ते स्थिर माने जाते थे। अवामी लीग की नेता शेख हसीना की सरकार को भारत समर्थक माना जाता था और उसने व्यापार, परिवहन, सीमा सुरक्षा और जल बंटवारे पर ध्यान दिया। हालांकि जानकारों का कहना है कि दिल्ली ढाका में नेतृत्व परिवर्तन को स्वीकार कर चुकी है। बीएनपी की सरकार भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता नहीं मानी जा रही। रहमान ने कहा है कि वह भारत के हितों का सम्मान करेंगे। इसे उनकी मां की 'बांग्लादेश फर्स्ट' नीति से अलग संकेत माना जा रहा है। फिलहाल स्थिति 'इंतजार करने और नजरें बनाए रखने की है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि जमात–ए–इस्लामी इस बार गठबंधन में शामिल नहीं है। अगर सरकार में जमात शामिल होती तो भारत–बांग्लादेश संबंध अस्थिर हो सकते थे। इससे बांग्लादेश पाकिस्तान के और करीब जा सकता था और पूर्वोत्तर भारत के लिए सुरक्षा चुनौती बढ़ सकती



थी। ऐसी अस्थिरता से चीन को भी फायदा मिल सकता था, खासकर अरुणाचल प्रदेश पर उसके दावों के संदर्भ में। हालांकि बिना जमात के रहमान सरकार भारत के प्रति कम टकराव वाला रुख अपना सकती है। यह रिश्ता संभवतः ज्यादा लेन–देन आधारित हो। वहीं, पाकिस्तान के साथ व्यापारिक या रक्षा समझौतों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हाल में जेएफ–17 लड़ाकू विमान को लेकर बातचीत की खबरें आई थीं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी तरफ, चीन वहां पहले से ही बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश कर चुका है, जैसे मोंगला पोर्ट का आधुनिकीकरण. जानकार इसे चीन की रणनीतिक मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखते हैं। श्रीलंका और पाकिस्तान में भी चीन की ऐसी सुविधाएं हैं, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी पकड़ बढ़ रही है। रहमान सरकार सीमा नियंत्रण पर कितनी सख्ती दिखाएगी, यह भारत के लिए अहम है। अवैध घुसपैठ, सीमा पार हत्याएं और ड्रग तस्करी जैसे मुद्दे घरेलू राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच 4100 किलोमीटर लंबी सीमा है, जो घनी आबादी और राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। जुलाई 2024 के बाद 1000 से ज्यादा घुसपैठ की कोशिशों के संकेत मिले हैं। शेख हसीना के हटने के बाद बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों में तेजी आई। कुछ रिपोर्टों में 2000 से ज्यादा हमलों का जिक्र है, जिनमें घर, व्यापार और मंदिर निशाना बने। हजारों लोग भागने को मजबूर हुए। मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने भी स्वीकार किया था कि मौतें हुई हैं, लेकिन कहा कि ज्यादातर मामले जमीन विवाद या निजी दुश्मनी से जुड़े थे। भारत का कहना है कि हसीना के जाने के बाद कम से कम 23 हिंदुओं की हत्या हुई है और उसने कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। तारिक रहमान ने सुरक्षा का भरोसा दिया है, लेकिन बीएनपी का परंपरागत झुकाव रूढ़िवादी तत्वों की ओर रहा है, जिस पर भारत की नजर रहेगी। दोनों देशों के बीच सालाना 14 अरब डॉलर का व्यापार है. इससे भारत को करीब 10 अरब डॉलर का सरप्लस मिलता है। बांग्लादेश का वस्त्र उद्योग भारतीय कपास पर काफी हद तक निर्भर है। अगर बांग्लादेश ने इसके लिए चीन की ओर झुकाव दिखाया तो भारतीय निर्यात, खासकर कपास के किसानों पर इसका असर देखने को मिल सकता है। लेकिन नई सरकार आर्थिक स्थिरता और भरोसेमंद सप्लाई को प्राथमिकता दे सकती है, जिससे भारतीय निर्यात को फायदा भी हो सकता है। कुल मिलाकर भारत का फोकस नई सरकार की क्षमताएं और उसके इरादे पर है। भारत के साथ उसके संबंधों की अहमियत खास तौर पर सीमा नियंत्रण, घुसपैठ रोकने और दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने पर उसकी ओर से सहयोग कितना मजबूत रहता है, यही अहम होगा।

## डाक्टरी सेवाओं में लूट की जिम्मेदारी सरकार पर

पूरन चंद सरीन

कहावत है कि धन की हानि चिंता का विषय नहीं लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं तो यह घातक है। पैसा तो फिर भी कमाया जा सकता है, लेकिन सेहतमंद शरीर गंवा दिया तो उसे दोबारा पाना संभव नहीं। जीवन भर डाक्टरों की निगरानी और दवाइयों का सहारा जरूरी हो जाने से जीवन बोझ बन जाता है। डाक्टर बनने की अलौकिक कथा रू मैडीकल की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है और उनकी पढ़ाई के लिए उपलब्ध कालेज भी गत 10 वर्षों में लगभग दोगुने हो गए हैं। शानदार बिल्डिंग, आलीशान कमरे और अन्य निर्माण दिखाकर डाक्टरी पढने के इच्छुक विद्यार्थियों को मोटी फीस लेकर एडमिशन दे दिया जाता है। बढिया टाइम टेबल बना दिया और अब जब वे क्लासरूम या लाइब्रेरी या लैबोरेटरी में गए तो वहां न तो शिक्षित और प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद हैं और न ही लैब टैक्नीशियन या विशेषज्ञ जो टैस्ट आदि करने की विधि सिखा सकें। यह विडंबना नहीं बल्कि खिलवाड़ है कि मैडीकल की पढ़ाई के लिए सही शिक्षक न मिले तो प्रबंधकों ने किसी अन्य विषय में पी. एच–डी. करने वालों को पढ़ाने के लिए नियुक्त कर दिया क्योंकि कहलाते तो वे भी डाक्टर ही हैं। चिकित्सा शिक्षा में शिक्षकों की कमी को लेकर जनवरी 2026 में एक याचिका की सुनवाई के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि इन शिक्षण संस्थानों में विशेष रूप से शिक्षकों और प्रबंधन के खाली पदों पर अगले 4 महीनों में नियुक्ति हो जानी चाहिए। निश्चय ही यह नहीं हो सकता क्योंकि जैसी कछुआ चाल हमारे देश में है, उसमें यह असंभव है। उसके बाद और अधिक समय मांगा जाएगा जिसकी कड़ी वर्षों तक खिंचती चली जाएगी क्योंकि सरकार की कोशिशों में गंभीरता और पारदर्शिता नहीं है। वह असली–नकली आंकड़ों के आधार पर जनता को भ्रम में डाले रखती है वरना सोचिए कि इस बात में क्या तुक है कि पढ़ाने वाले हैं नहीं और पढने वालों को दाखिला दे दिया! हर साल मैडीकल में दाखिलों की सीटें बढ़ रही हैं और आने वाले वर्षों में जनसंख्या के अनुपात में डाक्टरों की संख्या भी बढ़ेगी। प्रश्न यह है कि क्या कालेजों और शिक्षकों की जरूरत पूरी करने की व्यवस्था की जा रही है? जी नहीं, इन दोनों के बीच कोई तालमेल नहीं है। फैकल्टी की कमी विशेषकर तेलंगाना, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में नए खुले सरकारी कॉलेजों में 50 प्रतिशत तक है। जरूरी सुविधाएं भी नहीं हैं। इस कारण जहां शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ पडने से पढ़ाई की क्वालिटी गिर रही है, वहीं मामलों में अनक्वालीफाइड तथा नॉन मैडीकल फैकल्टी विद्यार्थियों का भविष्य तबाह कर रही है। जब ये मरीजों का इलाज करेंगे तो क्या होगा, सोचकर भी डर लगता है। क्या लोगों का जीवन खतरे में डालने वाले डाक्टर पैदा होने से देश का भला होगा? जाति आधारित आरक्षण के कारण दाखिला देने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन इसके लिए न्यूनतम अंकों की अनिवार्यता समाप्त करना घातक है। नागरिकों को स्वस्थ बनाए रखने की जितनी जिम्मेदारी स्वयं की है उतनी ही स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के लिए सरकार की है। बड़े शहरों में तो फिर भी गनीमत है लेकिन गांव–देहात और दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएं नदारद हैं। इन इलाकों में अगर कानूनन सर्विस करने की मजबूरी न हो तो कोई भी डाक्टर यहां न आए। इसका कारण एकमात्र यह नहीं है कि वे आना नहीं चाहते बल्कि यह है कि वहां स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज करने, टैस्ट करने की सुविधाएं और आधुनिक उपकरण नहीं हैं। लोगों की आध्थक स्थिति ऐसी नहीं है कि बड़े शहरों में बीमारी का इलाज करवा सकें। यह सरकारी नीतियों की विफलता ही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डाक्टरों का बोलबाला और नीम हकीम खतरा–ए–जान की कहावत सिद्ध हो रही है। केवल जन स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान भारत और योग संस्थान की बदौलत लोगों की स्वास्थ्य रक्षा नहीं हो सकती। प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके तीमारदारों की सच्ची कहानियां और सरकार की बेरुखी इस बात का प्रमाण हैं कि मैडीकल की पढ़ाई की व्यवस्था और गुणवत्ता प्रश्नों के घेरे में है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए कोई भी दावा कर सकती है और उस पर यकीन करना युवा पीढ़ी के लिए घातक साबित होगा। चिकित्सा व्यवसाय का लुटेरा पहलू रू मेधावी विद्यार्थी एम.बी. बी.एस. करने के बाद सरकारी या निजी अस्पतालों में तुरंत नौकरी पा जाते हैं और जो सफल नहीं रहते वे अपना क्लीनिक खोल लेते हैं। उनकी योग्यता के बारे में मरीजों को संदेह रहता है लेकिन वे इतना तो समझ ही जाते हैं कि इस व्यवसाय में दूसरे खेल खेल कर आसानी से रुपया कमाया जा सकता है। यह धंधा बड़े और नामी अस्पतालों में भी होता है और मुफ्त की कमाई का साधन है। एक उदाहरण से समझिए। आपको मामूली सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम, थकावट, बदन दर्द है तो डाक्टर साहब ढेरों दवाई, एंटीबायोटिक देने के साथ तरह–तरह के टैस्ट करने की हिदायत देते हैं जिन पर 100–200 नहीं, 10, 20, 50 हजार तक खर्चा आता है। खांसी है तो टी.बी. तक के टैस्ट, बुखार है तो मलेरिया, टायफॉइड के लिए, दर्द के लिए एम.आर.आई. तक और कमजोरी से चक्कर आ गया तो उसके लिए तरह–तरह की मशीनों से गुजरने की जरूरत, मतलब यह कि चाहे उधार लो, अपनी बचत खत्म करो या जेवर, घर, जमीन बेचो, ये सब कराने के लिए मजबूरी की हद तक जाना पड़ता है। सच यह है कि 90–95 प्रतिशत टैस्टों में कोई गंभीर बीमारी नहीं निकलती। एक और कलाकारी यह है कि सभी लैबोरेटरीज अनेक डाक्टरों के संपर्क या सांझेदारी से चलती हैं। यही हाल दवाओं का है। डाक्टर मरीज से पहले दवा कम्पनियों के प्रतिनिधियों से सौदा करने को प्राथमिकता देते हैं। अधिकतर दवाएं एक जैसी ही होती हैं लेकिन डाक्टर साहब एक विशेष किस्म की दवा के लिए पर्ची बनाकर देते हैं। ऐसा नहीं है कि ये टैस्ट निराधार हैं बल्कि जानलेवा बीमारियों का पता इन्हीं से चलता है लेकिन समझदार और काबिल डाक्टर जांच तभी करवाता है जब मरीज की बीमारी का इतिहास, अब तक की गई चिकित्सा का विवरण और शरीर के अंगों की स्वयं की गई प्राथमिक जांच और चिकित्सा के बाद भी हालत में कोई सुधार न हो। ऐसा कोई कानून भी नहीं है जो गैर–जरूरी टैस्ट और इलाज करने वाले डाक्टर को कटघरे में खड़ा कर सके। कोई जवाबदेही नहीं और अब तो मैडीकल लापरवाही को भी डाक्टर के विवेक की दलील से सही ठहरा दिया जाता है। अब शरीर है तो वह किसी भी कारण से अस्वस्थ तो होगा ही लेकिन इस कारण प्राणी का शोषण किया जाना तो अपराध ही माना जाएगा।

# रामलीला मैदान पर निर्माण या नियोजन का भ्रम?

## - सड़क दर्ज भूमि पर मिट्टी पटाई, गाटा 131 अब भी प्रतीक्षारत, नगर पंचायत कटघरे में

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। एक खबर ने जैसे ही प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचाई, नगर पंचायत खीरी ने रामलीला मैदान पर निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी लेकिन यह शुरुआत भी विवादों की नई पटकथा लेकर आई है। जिस भूमि पर मिट्टी पटाई का कार्य तेजी से चल रहा है, वह राजस्व विभाग के अभिलेखों में सड़क के रूप में दर्ज बताई जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या यह महज जल्दबाजी है, या फिर नियोजन की आड़ में नियमों की अनदेखी? स्थानीय सूत्रों और उपलब्ध राजस्व अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 132, जिस पर वर्तमान में मिट्टी पटाई का कार्य हो रहा है, सड़क के रूप में दर्ज है। यदि यह तथ्य अभिलेखों में स्पष्ट है, तो फिर निर्माण की अनुमति कैसे और किस आधार पर दी गई? क्या संबंधित विभागों से विधिवत अनुमति ली गई, या फिर प्रशासनिक तत्परता दिखाने की होड़ में प्रक्रियाएं दरकिनार कर दी गईं? मिट्टी से पाटी जा रही जमीन पर भारी मशीनों की आवाज गूंज रही है, लेकिन इन आवाजों के बीच कानूनी प्रश्नों की गूंज और भी तीखी है। नियम कहते हैं कि सड़क दर्ज भूमि का स्वरूप बदले बिना विधिक प्रक्रिया पूरी किए कोई स्थायी निर्माण नहीं हो सकता। ऐसे में यह कार्रवाई नियमों की कसौटी पर कितनी खरी उतरती है, यह जांच का विषय है। अगर इस जमीन पर पार्क का निर्माण होता है नेशनल हाइवे कभी भी पार्क पर बुलडोजर चला सकता है जिससे रामलीला पार्क के भविष्य पर अस्तित्व का खतरा है। असली रामलीला भूमि गाटा 131.अब भी इंतजार में स्थानीय लोगों का कहना है कि रामलीला की वास्तविक भूमि गाटा संख्या 131 है, जिस पर अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। यदि नगर पंचायत का उद्देश्य वास्तव में रामलीला पार्क का विकास है, तो फिर वास्तविक भूमि को छोड़कर विवादित गाटा पर काम क्यों? यह चयन अपने आप में कई शंकाओं को जन्म देता है। ऐसे में अपेक्षा थी कि विकास कार्य उसी भूमि पर शुरू होता, जहां परंपरा और सार्वजनिक उपयोग का इतिहास जुड़ा है। लेकिन वर्तमान परि.श्य में विकास की दिशा और दस्तावेजों की स्थिति एक–दूसरे से मेल नहीं खाती दिखती। मामले में एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है कि नगर पंचायत खीरी ने कथित रूप से नोटरी दानपत्र से पूर्व ही रामलीला पार्क की भूमि प्रस्तावित कर दी थी। प्रस्तावित भूमि में महादेव दानकर्ता की भूमि बताई जाती है। यदि दानपत्र की विधिक प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही प्रस्ताव तैयार कर लिया गया, तो यह प्रशासनिक जल्दबाजी कही जाएगी या पूर्व नियोजित योजना? विधिक .ष्टि से किसी भी सार्वजनिक परियोजना के लिए भूमि का स्वामित्व और स्थिति स्पष्ट होना आवश्यक है। दानपत्र के सत्यापन और राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि से पहले प्रस्तावित नक्शा और योजना तैयार कर लेना प्रक्रियात्मक शुचिता पर सवाल खड़े करता है। साहब, आपने टाइम मशीन के बारे में सुना होगा, लेकिन खीरी नगर पंचायत ने इसे सच कर दिखाया है। यह देश का पहला ऐसा अजूबा मामला है जहाँ श्भविष्यश में मिलने वाली जमीन पर भूतकाल में ही निर्माण शुरू हो गया। जनवरी के कड़कड़ाती ठंड में जब आम आदमी रजाई में दुबका था, तब नगर पंचायत के नुमाइंदे बिना किसी मालिकाना हक के, बिना किसी रजिस्ट्री के, करोड़ों की जमीन पर ईंट–गाड़ा कर रहे थे। अप्रैल में जाकर इन्हें होश आता है कि अरे, जमीन तो अभी हमारे पास आई ही नहीं! फिर आनंद–फानन में एक दानपात्र का प्रपंच रचा जाता है। यह सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं है, यह सोची–समझी डकैती है। क्या नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के पास कोई ऐसी दिव्य .ष्टि थी कि उन्हें पता था कि तीन महीने बाद कोई फरिश्ता आएगा और करोड़ों की जमीन दान कर देगा? इस जादूगरी के पीछे कौन सा कमीशन सेट था, इसकी जांच क्यों नहीं हुई? अब बात करते हैं उस दानपात्र की, जो किसी कॉमेडी फिल्म की स्क्रिप्ट से कम नहीं है। कानून कहता है कि एक इंच जमीन के हस्तांतरण के लिए भी सरकार को स्टांप ड्यूटी देनी पड़ती है। लेकिन यहाँ तो करोड़ों के भूखंड का खेल महज 100–200 रुपये के नोटरी स्टांप पर खेल दिया गया। लाखों–करोड़ों की राजस्व चोरी! योगी सरकार एक तरफ भूमाफियाओं के घर पर बुलडोजर चला रही है, और दूसरी तरफ खीरी में कुछ लोग सरकारी खजाने में सेंध लगाकर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। क्या नोटरी का कागज अब बैनामे की जगह ले लेगा? अगर ऐसा है, तो तहसीलें बंद कर दी जानी चाहिए! यह सीधे तौर पर सरकार के राजस्व के साथ धोखाधड़ी है, जिसे नगर पंचायत के संरक्षण में अंजाम दिया गया। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि रामलीला पार्क के प्रस्तावित नक्शे पर चेयरपर्सन के हस्ताक्षर मौजूद बताए जा रहे हैं। किंतु चेयरपर्सन ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से इनकार कर दिया है। यदि हस्ताक्षर वास्तविक हैं, तो फिर अनभिज्ञता का दावा क्यों? और यदि दावा सही है, तो हस्ताक्षर कैसे और किस परिस्थितियों में हुए? यह विरोधाभास मामले को और पेचीदा बना देता है। जनप्रतिनिधि की भूमिका किसी भी नगर विकास योजना में केंद्रीय होती है। ऐसे में या तो उन्हें पूरी जानकारी होनी चाहिए, या फिर दस्तावेजों की प्रामाणिकता की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। दोनों ही स्थितियों में पारदर्शिता सर्वोपरि है। रामलीला मैदान केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि स्थानीय आस्था और सांस्.तिक परंपरा का प्रतीक है। ऐसे स्थल पर निर्माण से पहले व्यापक परामर्श और स्पष्ट सूचना अपेक्षित थी। लेकिन वर्तमान घटनाक्रम ने लोगों के मन में संशय और आक्रोश पैदा कर दिया है। कई नागरिकों का कहना है कि यदि सड़क दर्ज भूमि पर निर्माण होता है, तो भविष्य में आवागमन और सार्वजनिक उपयोग प्रभावित हो सकता है। वहीं कुछ लोग इसे भूमाफिया और प्रशासनिक तंत्र के गठजोड़ का परिणाम बता रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि निष्पक्ष जांच के बाद ही संभव है। पूरा प्रकरण अब निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग कर रहा है। राजस्व अभिलेखों की सत्यता, बैनामे की वैधता, दाखिल–खारिज की प्रक्रिया, प्रस्तावित नक्शे की स्वी.ति और हस्ताक्षरों की प्रामाणिकता.इन सभी बिंदुओं पर स्पष्टता आवश्यक है। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो जवाबदेही तय होना ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का संकेत होगा। प्रशासन के लिए यह अवसर भी है.वह तथ्यों को सार्वजनिक कर विश्वास बहाल करे। यदि निर्माण विधिसम्मत है, तो दस्तावेजों के साथ स्थिति स्पष्ट की जाए। और यदि कहीं त्रुटि हुई है, तो उसे स्वीकार कर सुधार की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं। विकास कार्यों की गति महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है उनकी वैधता और पारदर्शिता। जल्दबाजी में उठाए गए कदम अक्सर लंबे समय तक विवादों को जन्म देते हैं। रामलीला मैदान का मामला इसी संतुलन की परीक्षा है.क्या विकास की आड़ में प्रक्रियाओं को दरकिनार किया जा सकता है, या फिर नियमों की चौखट पर ही हर योजना को परखा जाएगा? मामले का दूसरा और अधिक गंभीर पहलू गाटा संख्या 132 की कथित बिक्री से जुड़ा है। आरोप है कि भूमाफियों ने इस भूमि को बैनामे के माध्यम से बेच दिया और उसी आधार पर नगर पंचायत खीरी में दाखिल–खारिज भी करा लिया गया। यदि यह सही है, तो यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत सतर्कता पर भी प्रश्नचिह्न है। दाखिल–खारिज की प्रक्रिया सामान्यतः राजस्व अभिलेखों की गहन जांच के बाद ही पूरी की जाती है। फिर सड़क दर्ज भूमि पर स्वामित्व का हस्तांतरण कैसे संभव हुआ? क्या अभिलेखों में कोई हेरफेर हुआ, या संबंधित अधिकारियों ने तथ्यों की अनदेखी की? यह प्रश्न न केवल इस प्रकरण की जड़ तक पहुंचते हैं, बल्कि पूरे तंत्र की पारदर्शिता पर भी रोशनी डालते हैं। अब निगाहें प्रशासनिक जांच और आधिकारिक स्पष्टीकरण पर टिकी हैं। क्या यह मामला स्पष्ट तथ्यों के साथ सुलझेगा, या फिर सवालों की धूल में दब जाएगा? रामलीला मैदान की मिट्टी केवल पाटी नहीं जा रही.उसके साथ जनविश्वास की परतें भी जुड़ी हैं। समय है कि सच सामने आए और विकास की राह नियमों की रोशनी में तय हो। रामलीला मैदान पर चल रहा निर्माण केवल एक स्थानीय मुद्दा नहीं रहाय यह प्रशासनिक पारदर्शिता, भूमि प्रबंधन और जनविश्वास की कसौटी बन गया है। सड़क दर्ज भूमि पर मिट्टी पटाई, गाटा 132 की कथित बिक्री और दाखिल–खारिज, गाटा 131 की उपेक्षा, नोटरी दानपत्र से पूर्व प्रस्ताव, और हस्ताक्षरों पर अनभिज्ञता.ये सभी पहलू मिलकर एक जटिल तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। मामले का दूसरा और अधिक गंभीर पहलू गाटा संख्या 132 की कथित बिक्री से जुड़ा है। आरोप है कि भूमाफियों ने इस भूमि को बैनामे के माध्यम से बेच दिया और उसी आधार पर नगर पंचायत खीरी में दाखिल–खारिज भी करा लिया गया। यदि यह सही है, तो यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत सतर्कता पर भी प्रश्नचिह्न है। दाखिल–खारिज की प्रक्रिया सामान्यतः राजस्व अभिलेखों की गहन जांच के बाद ही पूरी की जाती है। फिर सड़क दर्ज भूमि पर स्वामित्व का हस्तांतरण कैसे संभव हुआ? क्या अभिलेखों में कोई हेरफेर हुआ, या संबंधित अधिकारियों ने तथ्यों की अनदेखी की? यह प्रश्न न केवल इस प्रकरण की जड़ तक पहुंचते हैं, बल्कि पूरे तंत्र की पारदर्शिता पर भी रोशनी डालते हैं। अब निगाहें प्रशासनिक जांच और आधिकारिक स्पष्टीकरण पर टिकी हैं। क्या यह मामला स्पष्ट तथ्यों के साथ सुलझेगा, या फिर सवालों की धूल में दब जाएगा? रामलीला मैदान की मिट्टी केवल पाटी नहीं जा रही.उसके साथ जनविश्वास की परतें भी जुड़ी हैं। समय है कि सच सामने आए और विकास की राह नियमों की रोशनी में तय हो।

## डीएम ने गोंदलामऊ सीएचसी पर मारा छापा, रुकी पेमेंट देख भड़के



न्यूज वाणी ब्यूरो

गोंदलामऊ, सीतापुर। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी राजा गणपति आर इन दिनों एक्शन मोड में हैं। शनिवार को जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोंदलामऊ का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक अस्पताल पहुँचने से वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बारीकी से परखी व्यवस्थाएं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केवल ऊपरी सजावट नहीं देखी, बल्कि अस्पताल के हर कोने का बारीकी से मुआयना किया। पंजीकरण एवं स्टॉक रूमरू दवाओं की उपलब्धता और रिकॉर्ड का मिलान किया। लैब एवं एक्स–रे जांच सुविधाओं की कार्यक्षमता जांची। मातृ सुरक्षा एवं लेबर रूमरू प्रसूति सेवाओं की गुणवत्ता और साफ–सफाई पर जोर दिया। कोल्ड चेन वार्ड वैक्सीन के रखरखाव की स्थिति देखी। पेंडिंग भुगतान पर जताई नाराजगी निरीक्षण में सबसे बड़ी खामी वित्तीय प्रबंधन में मिली। जिलाधिकारी ने पाया कि क्षेत्र की 191 आशा कार्यकर्ताओं और लगभग 400 प्रसव लाभार्थियों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने आदेश दिया कि आशा बहुओं और लाभार्थियों के रुके हुए भुगतान का तत्काल निस्तारण किया जाए। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समय से न पहुँचना गंभीर लापरवाही है। लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखें और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं में पारदर्शिता लाएं। इस दौरान कार्यवाहक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमएल गंगवार और सीएचसी प्रभारी डॉ. धीरज मिश्रा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। डीएम के इस कड़े रुख के बाद जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी खलबली मची हुई है।

## पशु चिकित्सालय में नॉट फॉर सेल दवा पर रुपए मांगने का आरोप, वीडियो वायरल

न्यूज वाणी ब्यूरो /मैनपुरी। भावत चौराह पशु चिकित्सालय एक बार फिर विवादों में है। यहां तैनात फार्मासिस्ट डॉ–मुकेश कुमार शर्मा और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि नॉट फॉर सेल लिखी दवा के बदले 150 की मांग की गई। इस पूरे मामले का वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि मोहित कुमार नामक पत्रकार अपनी पालतू बिल्ली को इलाज के लिए भावत चौराह स्थित पशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि डॉक्टर ने पहले बाहर की मेडिकल स्टोर से दवा लिख दी, लेकिन जब दवा बाजार में उपलब्ध नहीं हुई तो मोहित कुमार ने दोबारा डॉक्टर से संपर्क किया। मोहित कुमार के अनुसार डॉक्टर ने कहा कि उनके पास दवा का सैंपल मौजूद है, लेकिन उसके लिए 150 देने होंगे। जब उन्होंने दवा के पत्ते पर नाट फार सेल लिखा देखा और इस पर आपत्ति जताई, तो डॉक्टर कथित रूप से नाराज हो गए और दवा छीन ली। आरोप यह भी है कि वहां मौजूद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने उनके साथ धक्का–मुक्की की और अस्पताल परिसर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद अन्य पत्रकार मौके पर पहुंचे और डॉक्टर से ऑन कैमरा बातचीत की। दावा किया जा रहा है कि बातचीत के दौरान 150 रुपए डॉक्टर ने मागे जाने की बात स्वीकार की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकारी अस्पताल में नॉट फॉर सेल दवाओं के नाम पर वसूली हो रही है क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी? फिलहाल प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है।

## एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने संगठन के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन वेतन भुगतान में लगातार हो रहे विलंब के विरोध में दिया गया। संघ ने आरोप लगाया कि जिले में संविदा कर्मचारियों का पन्द्रह–पन्द्रह दिन का वेतन नियम विरुद्ध तरीके से काटा जा रहा है। किसी एएनएम के विरुद्ध त्रुटि पाये जाने पर तत्काल सेवा समाप्त (बर्खास्त) की कार्यवाही की जा रही है जो की संविदा नियमावली के विरुद्ध है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर की कमियों के लिए केवल बीपीएम को टारगेट कर पन्द्रह पन्द्रह दिन का वेतन काटा जाना भी अनुचित एवं भेद भाव पूर्ण बताया गया। संघ का कहना है कि यदि किसी कर्मचारी के कार्य में कोई कमी या लापरवाही है तो सर्व प्रथम उसको चेतावनी पत्र जारी कर सुधार के निर्देश दिये जाने चाहिये उसके बाद आर्थिक दण्ड सम्बन्धी कार्यवाही की जानी उचित है। संघ ने मांग की कि वेतन कटौती बर्खास्त वेतन वृद्धि की रोक जैसी दंडात्मक कार्यवाहियां नियमों के अनुरूप उचित जांच एवं अवसर प्रदान करने के बाद ही की जाएं तथा दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्यवाही हो। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि इन मनमानी कार्यवाहियों पर तत्काल रोक नहीं लगी और वेतन भुगतान व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर किया जाएगा। इस अवसर पर अमित शर्मा डॉ ओएनवर्मा डॉ भूपेंद्र सिंह बीपीएम अनुज तिवारी कोहिनूर सिंह राहुल बाजपेयी बी सीपीएम शम्भू दयाल सीएचओ संघ से अतुल पाण्डेय राम बाबू जिलाध्यक्ष डॉ. पीयूष बाजपेई आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लहरपुर में 20 साल पुराना अतिक्रमण ध्वस्त

### - बंजारा समाज के लिए रायपुर में बसेगी आदर्श कॉलोनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। प्रशासन की .ढ़ इच्छाशक्ति और सूझबूझ से लहरपुर तहसील क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। फायर स्टेशन के निकट सरकारी भूमि पर पिछले 20 वर्षों से काबिज घुमक्कड़ समाज के अतिक्रमण को प्रशासन ने पूरी तरह खाली करा लिया है। खास बात यह रही कि यह पूरी कार्रवाई बिना किसी विवाद के आपसी सहमति और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रणनीति और संवाद से मिली सफलता लंबे समय से इस भूमि को खाली कराने के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन इस बार उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम और उनकी टीम ने एक सुनियोजित रणनीति अपनाई। कार्रवाई से पहले कई दिनों तक संबंधित परिवारों के साथ संवाद स्थापित किया गया। प्रशासन ने न केवल उन्हें भूमि खाली करने के लिए मनाया, बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित करने का ठोस आश्वासन भी दिया। रायपुर गंज में बनेगा नया आशियाना मुख्यमंत्री के विजन और जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में, विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए ग्राम सभा रायपुर गंज में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहाँ 128 संभावित आवासों वाली एक आधुनिक बंजारा कॉलोनी का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन ने वादा किया है कि इस नई बस्ती में पक्की छत के साथ–साथ बिजली, स्वच्छ पेयजल और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी। सुरक्षा के कड़े इंतजाम, मौके पर डटा रहा अमला अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रही। लहरपुर गेट से शहर बाजार तक का मार्ग बैरिकेडिंग कर बंद किया गया था। मौके पर



भारी पुलिस बल के साथ प्रशासन के दिग्गज अधिकारी एडीएम नितेश कुमार, एएसपी आलोक सिंह, एसडीएम आकांक्षा गौतम, सीओ नेहा त्रिपाठी व आलोक प्रसाद, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी और ईओ अनूप राय समेत पीएसी बल मौजूद रहे। पारदर्शिता पर जोर योजना का लाभ केवल पात्र परिवारों को मिले, इसके लिए प्रशासन ने बंजारा समाज के परिवारों की विस्तृत काउंटिंग (जनगणना) कराई है। इस पहल से न केवल सरकारी बेशकीमती भूमि अतिक्रमण मुक्त हुई है, बल्कि वर्षों से अस्थायी जीवन जी रहे परिवारों को अब स्थायी और सम्मानजनक जीवन मिलने की राह आसान हो गई है।

## एसएसके मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया द्वितीय वार्षिक समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो /घिरोर, मैनपुरी। एसएसके मार्डन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया द्वितीय वार्षिक समारोह का उपजिलाधिकारी घिरोर प्रसून कश्यप ने किया शुभारंभ नगर क्षेत्र स्थित एसएसके मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शनिवार को द्वितीय वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी प्रसून कश्यप (पीसीएस) द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा–अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग–बिरंगे गुब्बारों आकर्षक सजावट एवं भव्य मंच से सुसज्जित किया गया। जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्.तिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की भरपूर सराहना की मुख्य अतिथि प्रसून कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ–साथ संस्कार, अनुशासन और सांस्.तिक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की विद्यालय के प्रबंधक केशव सिंह, डायरेक्टर रमन, प्रधानाचार्य धीरेन्द्र मिश्रा एवं अध्यक्ष मानपाल सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

## कावड़ यात्रा में दिखा अनोखा संगम, आस्था का प्रतीक बनी तमन्ना

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव का अनोखा .श्य उस समय देखने को मिला, जब संभल जिले के बदनपुर बसी गांव की तमन्ना मलिक बुर्का पहनकर कांवड़ यात्रा पर निकलीं। वह हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गांव की ओर बढ़ रही हैं। तमन्ना भगवान शिव को जल अर्पित करने के संकल्प के साथ पैदल यात्रा कर रही हैं। रास्ते में उनके काफिले के बिजनौर पहुंचने पर जगह–जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। तमन्ना के साथ करीब सौ शिवभक्त बोल बम के जयकारे लगाते हुए चल रहे हैं। बताया गया कि तमन्ना ने पूर्ण आस्था और परिवार की सहमति से कांवड़ यात्रा में भाग लिया है। बुर्का पहनकर कांवड़ यात्रा करने को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। सुरक्षा की .ष्टि से पुलिस बल भी साथ चल रहा है, ताकि यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

## गांव सहित विद्यालयों में सफाई करने नहीं आता सफाई कर्मी

### - विवश होकर प्राइवेट कर्मी से सफाई कराते अध्यापक

### - गांवों में सफाई व्यवस्था हुई बेपटरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। विकास खंड ताजा मामला विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत सलारपुर का है।




हरगांव के अधिकतर ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी अपने अपने तैनाती वाले ग्राम पंचायतों में न जाकर केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाने का कार्य कर रहे है। जहां के विद्यालयों में विवस होकर अध्यापकगण मजबूर होकर प्राइवेट सफाई कर्मी रखकर विद्यालय में प्रतिदिन सफाई कार्य कराकर विद्यालय को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करते है। जिसका खर्चा भी अध्यापकगण स्वयं उठाते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत सलारपुर व कोरैया उदनापुर गांव में तैनात सफाई कर्मी क्रमशः अजय कुमार व धर्मेन्द्र कुमार गांव सहित विद्यालयों में कभी भी नहीं जाते है। इन दोनों गांवों में विद्यालय सहित गांव की सफाई का कार्य प्राइवेटकर्मी द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सलारपुर में बना उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय में काफी समय से सफाई कर्मी नहीं आता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. इलियास ने बताया कि सफाईकर्मी अजय कुमार के न आने से सफाई कार्य बेपटरी होते देख कर हम लोगों अपने खर्चे पर प्राइवेट कर्मचारी को रखकर विद्यालय को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई कार्य करवाते है। जिससे हमारे विद्यालय के बच्चे बीमार न होकर स्वास्थ बने रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कोरैया उदनापुर में तैनात सफाई कर्मी धर्मेन्द्र कुमार न जाकर सफाई व्यवस्था को पंगु बना रखा है। जिससे आजिज आकर ग्राम प्रधान रईश आलम ने प्राइवेट सफाई कर्मी से सफाई कार्य करवाकर गांव व विद्यालय को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दे रहे है। जबकि सफाई कर्मियों द्वारा अधिकतर ग्राम पंचायतों में बरती जा रही उदाशीनता पूर्ण कार्य शैली से विकास खंड हरगांव के अधिकारियों को सारी जानकारी होती है।

## दधीचेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर



न्यूज वाणी ब्यूरो /मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख स्थित पौराणिक दधीचि कुंड पर अवस्थित दाधिचेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर में रंजाई–पुताई, आकर्षक सजावट एवं साफ–सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को भव्य एवं दिव्य वातावरण में भगवान शिव के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सके। मंदिर के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तजन दूर–दराज से बाबा भोलेनाथ के दर्शन–पूजन के लिए पहुंचते हैं। इस पर्व को बड़े ही धूमधाम, भक्ति भाव और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है। विशेष पूजा–अर्चना, रुद्राभिषेक एवं भजन–कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मिश्रिख पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रहती है और किसी भी प्रकार का अराजक तत्व उपद्रव नहीं कर पाता। प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण कराया ध्वस्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। राजस्व विभाग और पालिका प्रशासन की टीम ने ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया। शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम मोहल्ला नौधना स्थित भूमि पर अवैध तरीके से किए जा रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त कराने पहुंची। लेखपाल छत्रपाल ने बताया कि खसरा नंबर –33 ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत थी। जांच के दौरान ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण पाया गया, जिसके बाद ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। उधर प्रशासन की कार्रवाई से नाराज लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। गांव के मलखान सिंह, श्याम सिंह, लीला देवी, राजू व मनोज आदि का कहना है कि यह भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है। जिसका वह पालिका में गृहकर भी जमा करते हैं। पालिका अधिशासी अधिकारी .ष्ण मुरारी का कहना है कि गृहकर रसीद जारी होने के आधार की जांच की जा रही है। मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शेष भूमि की पैमाइश कर उसे भी कब्जामुक्त कराया जाएगा। उधर प्रशासन की कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मची हुई है।

## अफसान व तानिया बने प्राथमिक वर्ग में चैंपियन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। बेसिक शिक्षा के स्कूलों की जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्.तिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को प्राथमिक बालिका तथा जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं नेहरू स्टेडियम में हुईं। व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक बालक वर्ग में अफसान नजीबाबाद, बालिका वर्ग में तानिया हल्दौर, जूनियर बालिका में पलक जलीलपुर तथा बालक वर्ग में निरुल तोमर मोहम्मदपुर देवमल के नाम रही। सामूहिक चैंपियनशिप प्राथमिक वर्ग में ब्लॉक नूरपुर तथा जूनियर वर्ग की मोहम्मदपुर देवमल ने जीती। इसके अतिरिक्त प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में शगुन आकू, अल्तशा तथा आफिया, 100 मीटर में तानिया हल्दौर, विशाखा तथा हनु, 200 मीटर में गुमांशी किरतपुर, शगुन और भूमिका, 400 मीटर आफिया नूरपुर, तानिया और रिया ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो–खो में समग्र विद्यालय सुरानंगला बुढ़नपुर प्रथम तथा प्राथमिक विद्यालय उमरी कलां हल्दौर की टीम द्वितीय रही। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में निरुल तोमर मो.पुर देवमल, रचित और मोहम्मद जैद, 200 मीटर में निरुल तोमर, वनराज और रितिक कुमार, 400 मीटर में निरुल तोमर, ऋतिक कुमार और वनराज, 600 मीटर में रचित नूरपुर, अमन और रविकांत क्रमशरू प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। कबड्डी में समग्र विद्यालय नवादा हल्दौर प्रथम एवं समग्र विद्यालय कुंदला अफजलगढ़ द्वितीय, प्राथमिक बालिका वर्ग कबड्डी में समग्र विद्यालय शरीफपुर मान



हल्दौर प्रथम, मंगोलपुरा मोहम्मदपुर देवमल द्वितीय, जूनियर बालक वर्ग खो–खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगदासपुर हल्दौर प्रथम और समग्र विद्यालय सुरानंगला बुढ़नपुर द्वितीय स्थान पर रहे। पुरस्कार और मेडल बीएसए सचिन कसाना, डीसी प्रशिक्षण अनुज कुमार शर्मा, बीईओ जलीलपुर गजेंद्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत ने प्रदान किए। कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह, रुचिता सिंह, नीरज कुमार वर्मा, दीपक सलूजा रहे। संचालन शमीम अहमद, आकांक्षा चौधरी ने किया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# चलती पैसेंजर ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

## – कबरन गांव के पास हुआ हादसा, मृतक की शिनाख्त में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो /अटरिया, सीतापुर। जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र में इन दिनों हादसों और अपराध का साया गहराता जा रहा है। एक तरफ जहां सड़क हादसों में मासूमों और युवाओं की जान जा रही है, वहीं दूसरी ओर रेल हादसों ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है। बता दें की जब अटरिया पुलिस स्टेशन के गेट के सामने ही दर्दनाक सड़क हाथ से में लोगों की जान चली जाती है इसी कड़ी में शनिवार की सुबह एक और हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की सावधानी पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन जब कबरन गांव के पास से गुजर रही थी, तभी एक अधेड़ व्यक्ति अचानक अनियंत्रित होकर चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। ट्रेन की रतार और जमीन से टकराने के कारण व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि जब तक लोग मदद के लिए दौड़ते या पुलिस को सूचना देते, तब तक अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अधेड़ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शिनाख्त के लिए पुलिस की मशक्कत सूचना मिलते ही अटरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर मृतक के पास से कोई भी ऐसा दस्तावेज या पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। ष्शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आसपास के थानों को सूचित कर दिया गया है ताकि मृतक की पहचान जल्द से जल्द की जा सके। मामले की गहनता से जांच जारी है।

## थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार वसुंधरा सिंह ने की। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों ने



अपनी–अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नायब तहसीलदार वसुंधरा सिंह ने एक–एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामलों का निस्तारण तय समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग के अधिकारी, पुलिस टीम, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समाधान दिवस के आयोजन से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

## किशोर की गमछे से गला दबाकर हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना बबेरु पुलिस द्वारा 10 बर्षीय किशोर की हत्या करने वाले अभियुक्त को पकड लिया गया है। गौरतलब हो कि 07 फरवरी को थाना बबेरू क्षेत्र के ग्राम मुरवल के पास खेत में एक 10 वर्षीय बालक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया तथा फील्ड यूनिट की सहायता से साक्ष्य संकलित कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। डाक्टरों के पैनल की रिपोर्ट, प्राप्त साक्ष्यों व परिजनो की सूचना के आधार पर थाना बबेरू पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को ग्राम मुरवल से गिरतार किया गया आला कत्ल एक गमछा बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त सूरज पुत्र लालबाबू निवासी मुरवल थाना बबेरू के विरुद्ध मु0अ0सं0 49/26 धारा 137(2), 103(1), 238 बीएनएस थाना बबेरू में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह रजावत उ0नि0 अजीत कुमार सिंह उ0नि0 अरविन्द्र कुमार का0 सूर्यांश का0 अनूप कुमार का0 निर्मल सिंह शामिल रहे।

## पुलवामा शहीदों को कैंडल जलाकर भावभीनी दी श्रद्धांजलि अर्पित

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बांदा में प्राचार्य प्रो दीपाली गुप्ता के निर्देशन में पुलवामा शहीदों को कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं एकत्रित हुए और मोमबत्तियाँ जलाकर वीर शहीदों के बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दो मिनट के मौन रखकर किया गया जिसके पश्चात महाविद्यालय स्टॉफ व छात्राओं की उपस्थित में शहीद अमर रहें, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया गया। प्राचार्य प्रो दीपाली गुप्ता ने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वे देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा के लिए सदैव जागरूक रहें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक रंगोली बनाकर शहीदों की आत्मा को शांति हेतु प्रार्थना किया। इस अवसर पर प्रो जितेन्द्र कुमार, डॉ सबीहा रहमानी, डॉ माया वर्मा, डॉ जय प्रकाश सिंह, डॉ ज्योति मिश्रा, डॉ अंकिता तिवारी, डॉ आलोक कुमार भरद्वाज, डॉ संजीव कुमार गुप्ता, डॉ विनय कुमार पटेल, डॉ मोहम्मद अफजल, डॉ नीतू सिंह, डॉ सचिन मिश्रा, डॉ राम नरेश पाल, डॉ आदित्य प्रताप सिंह और कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहें।



# रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बना रेफर सेंटर, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने और स्थानीय स्तर पर सुपर स्पेशियलिटी इलाज उपलब्ध कराने के बड़े सरकारी दावों के बीच अरबों रुपये की लागत से बना रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज आज खुद सवालों के घेरे में खड़ा दिखाई दे रहा है। कागजों में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह संस्थान जमीनी हकीकत में मरीजों के लिए राहत केंद्र बनने के बजाय महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जीरो टॉलरेंस और सस्ती चिकित्सा व्यवस्था के दावे करती रही है। लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने वाले मरीजों और तीमारदारों का आरोप है कि यहां गंभीर इलाज के बजाय मरीजों को झांसी, कानपुर या लखनऊ रेफर कर देना आम बात बन चुकी है। डाटा उठा कर चेक कर सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों की मशीनें और संसाधन होने के बावजूद उनका उपयोग सीमित है कूड़ा बन कर रह गयीं हैं, जिससे मेडिकल कॉलेज का उद्देश्य ही सवालों में आ गया है। प्रभारी प्रिंसिपल की कार्यशैली पर लगातार उठ रहे सवाल मेडिकल कॉलेज की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर सबसे ज्यादा सवाल प्रभारी प्रिंसिपल की प्रशासनिक क्षमता पर उठ रहे हैं। आरोप है कि लगातार शिकायतों, अव्यवस्थाओं और डॉक्टरों की मनमानी के बावजूद कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक कई बार शिकायतें पहुंचने के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासनिक शिथिलता की ओर इशारा करता है। सरकारी नौकरी, निजी प्रैक्टिस प्राथमिकता ? मरीजों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज में तैनात कई डॉक्टर सरकारी ड्यूटी से ज्यादा निजी प्रैक्टिस में सक्रिय रहते हैं व बाहर निजी अस्पतालों में ज्यादा ध्यान देते हैं व खूब धन कमा रहे हैं। मरीजों को निजी क्लीनिकों तक ले जाने के लिए कथित तौर पर दलाल तंत्र सक्रिय होने की भी चर्चा है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई निजी क्लीनिक आवश्यक मानकों और फायर एनओसी के बिना संचालित बताए जाते हैं, फिर भी लाइसेंस जारी होने से निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। डाटा जांच से खुल सकती है सच्चाई विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉक्टरों द्वारा कॉलेज में किए गए अल्ट्रासाउंड और उन्हीं डॉक्टरों से जुड़े निजी संस्थानों में किए गए अल्ट्रासाउंड का पिछले दो वर्षों का रिकॉर्ड खंगाला जाए तो वास्तविक स्थिति स्वतः सामने आ सकती है। ऐसी पारदर्शी जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि सरकारी संसाधनों का लाभ मरीजों को मिल रहा है या निजी संस्थानों को। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना भी सवालों में सरकार द्वारा सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन आरोप है कि कई बार डॉक्टर मरीजों को वहां भेजने के बजाय बाहर की महंगी और कथित कमीशन आधारित दवाएं लिखते हैं। जागरूक तीमारदारों का आरोप है कि जन औषधि केंद्र की बात करने पर उन्हें तंज सुनने पड़ते हैं और कथित रूप से कहा जाता है इलाज कराना है या राजनीति करनी है, ज्यादा जानकारी है तो मरीज को बाहर ले जाइए। यदि ये आरोप सही हैं तो यह न केवल सरकारी नीति की अवहेलना बल्कि गरीब मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी है। शिकायतें बहुत, कार्रवाई शून्य सूत्रों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज प्रशासन और कुछ डॉक्टरों के खिलाफ समय–समय पर विभिन्न अधिकारियों को शिकायतें भेजी गईं, लेकिन अब तक किसी प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई। कार्रवाई के अभाव ने कथित लापरवाही को बढ़ावा दिया है और जिम्मेदारों के हौसले बुलंद बताए जा रहे हैं। जीरो टॉलरेंस का दावा यहीं क्यों फेल? सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सख्ती की बात करती है तो फिर मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थान में अव्यवस्थाएं क्यों कायम हैं? क्या जिम्मेदारी सिर्फ निचले स्तर की है या निगरानी तंत्र भी पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है? निष्पक्ष जांच की उठ रही मांग स्थानीय बुद्धिजीवियों और सामाजिक संगठनों ने मेडिकल कॉलेज की कार्यप्रणाली, डॉक्टरों की उपस्थिति, निजी प्रैक्टिस और दवा व्यवस्था की स्वतंत्र एजेंसी या उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है, ताकि जवाबदेही तय हो सके और मेडिकल कॉलेज अपने वास्तविक उद्देश्य जनता को बेहतर इलाज की ओर लौट सके।

## स्पर्श एक अनुभूति विषय की प्रासंगिकता पर अभिभावक अभिनंदन समारोह सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। शहर के अग्रणी शिक्षण संस्थान विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अत्यंत भावुक एवं जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रम स्पर्श एक अनुभूति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के अंतर के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इस विषय पर खुलकर संवाद के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट एवं भारतीय जनता पार्टी महिला प्रकोष्ठ की प्रवक्ता ममता मिश्रा द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा के पूजन–अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात स्पर्श विषय पर आधारित एक लघु नाटक का मंचन किया गया, जिसमें दर्शाया गया कि माता–पिता का विश्वास, संवाद और सही मार्गदर्शन बच्चों को हर चुनौती का सामना करने की शक्ति देता है। किड्जी हेड अनुपमा सिंह गौतम ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन संवेदनशीलता, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों को जागृत करने वाला सशक्त मंच है। जूनियर वर्ग के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण




को उल्लास और बसंती रंग में रंग दिया। विद्यालय के डायरेक्टर पूर्णाषीश रथ ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और भावनात्मक कल्याण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संवाद है। उन्होंने कहा कि गुड–टच, बैड–टच अभियान का उद्देश्य बच्चों को सजग बनाना और अभिभावकों को आत्मविश्वास के साथ इस विषय पर चर्चा करने के लिए प्रेरित करना है। मंच के माध्यम से श्याम जी निगम ने अभिभावकों की ओर से बच्चों की सुरक्षा से जुड़े प्रश्न मुख्य अतिथि के समक्ष रखे। अपने वक्तव्य में ममता मिश्रा ने कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ कोई भी गलत घटना घटित होती है तो अभिभावक तुरंत सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे मामलों में अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में चुप न रहें और बच्चों को निडर होकर अपनी बात कहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अभिभावकों को उनके अमूल्य सहयोग के लिए स्मृति–चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई अभिभावक बच्चों के स्नेह और सम्मान को देखकर भावुक हो उठे। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि घर बच्चों की पहली पाठशाला है और माता–पिता उनके प्रथम शिक्षक। स्पर्श एक ऐसा एहसास है जो बच्चों को सुरक्षा और आत्मविश्वास प्रदान करता है। कार्यक्रम का समापन समूह नृत्य एवं होली गीत की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यालय और अभिभावकों के मध्य विश्वास एवं सहयोग के संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सफल रहा। अंत में प्राइमरी हेड श्रीमती नेहा कक्कड़ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की।

## पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्तटीमों ने सुनीं शिकायतें

### - 78 शिकायतों में से 24 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जे0 रीभा द्वारा थाना चिल्ला तथा अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा थाना अतर्रा में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों, समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 24 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है।



## जिले से हजारों की संख्या में विधानसभा घेराव में जाएंगे कांग्रेसी : राजेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड पर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि यूपीए वन की सरकार के समय महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम डॉ साहब बाबा भीमराव अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए, गरीबों के उत्थान हेतु मनरेगा योजना का शुभारंभ किया गया था। जिसमें 100 दिन काम की गारंटी निहित थी। काम न मिलने की दशा




पर गरीबों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का भी प्रविधान था लेकिन केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार ने नाम बदलने के साथ साथ योजना के स्वरूप को बदलने का घृणित कुचक्र रचा गया जो गरीबों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस पार्टी पूरे भारत देश में तीन जनवरी से व्यापक स्तर पर आंदोलनरत है। गरीबों के अधिकारों की यह लड़ाई कांग्रेस निरन्तर जारी रखेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बतलाया कि आगामी 17 फरवरी 2026 को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में लाखों की संख्या में कांग्रेस जन लखनऊ पहुंच कर विधानसभा का घेराव सरकार को जगाने के लिए किया जाएगा। जिसमें जिले से हजारों की संख्या में कांग्रेस जन अपने अपने साधन से पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। प्रेस वार्ता में शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, जिला महामंत्री, मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला प्रवक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी शामिल रहे।

## कोतवाली नानपारा में थाना समाधान दिवस संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। थाना कोतवाली नानपारा में आयोजित थाना समाधान दिवस प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में सकुशल संपन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से दो मामलों का तत्काल निस्तारण कर फरियादियों को राहत दी गई। शेष दो प्रकरणों में राजस्व से संबंधित विवाद पाए जाने पर राजस्व विभाग की टीम को मौके पर रवाना किया गया, ताकि स्थलीय जांच कर शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जा सके। समाधान दिवस में राजस्व टीम की सक्रिय मौजूदगी रही, जिससे भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकी। प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों में समयबद्ध, पारदर्शी और न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने फरियादियों से अपील की कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए समाधान दिवस का लाभ उठाएं, ताकि विवादों का शांतिपूर्ण निस्तारण हो सके।

# तेज रतार थार दुकान में जा घुसी, एक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। अतर्रा में तेज रतार थार कार ने अनियंत्रित होकर बंद पड़ी दुकानों के शटर तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। हादसे के दौरान पास में खड़े एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

## नायब तहसीलदार ने समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ, रयबरेली। डलमऊ कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर कुल 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 06 राजस्व से संबंधित 03 पुलिस से संबंधित जिसमें एक प्रार्थना पत्र पुलिस से संबंधित का निस्तारण हुआ। बाकी में टीम जांच हेतु भेजी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोहवा नटकी ग्राम निवासी रमेश कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव की ही एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के साथ मिलकर धोखाधड़ी और जालसाजी करते हुए पूर्व में अपने नाती के नाम अपनी भूमि का रजिस्ट्री दान पत्र कर देने के बाद धोखाधड़ी करते हुए दोबारा इस भूमि का विक्रय पत्र तीन लाख लेकर मेरे पुत्र के नाम किया गया जानकारी होने पर पैसा वापस न करने की धमकी देने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## शुभ प्रसाद व यमुना ढकाल को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखनऊ। राज्य महिला आयोग कार्यालय विभूतिखण्ड गोमतीनगर में उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने काठमांडू नेपाल निवासी शुभ प्रसाद शर्मा एवं यमुना ढकाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए नेपाल होते हुए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या होते हुए लखनऊ आगमन हुआ। इस दौरान महिला आयोग कार्यालय में दोनों साइकिल यात्रियों को अपर्णा यादव द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और सनातन गोरखा कल्याण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर्णा यादव ने दोनों को साइकिल यात्रा के लिए मंगल कामनाएं की व उनको ढेरों बधाई दी। सनातन गोरखा कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह व महामंत्री शानूमल्ल कौशल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओगकार नाथ चौरसिया, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, मोनिका मिश्रा, हिमांशु जायसवाल, चांदनी, अंजू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने की मतदाता सत्यापन कार्य की समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी नोटिसों की सुनवाई एवं तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं के सत्यापन कार्य की समीक्षा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की। डीएम ने निर्देश दिया कि नो मैपिंग व विसंगति श्रेणी के मामलों का निस्तारण फरवरी 2026 के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि कार्य में तेजी लाने हेतु अतिरिक्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सुनवाई स्थलों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके भी निर्देश दिए गए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 16 से 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। जनपद में 16 से 27 फरवरी 2026 तक खसरा–रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 के लगभग चार लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले के 2893 विद्यालयों में 2720 सत्र आयोजित होंगे। वर्ष 2025 में खसरा–रूबेला के 23 तथा वर्ष 2026 में अब तक 4 मामले सामने आ चुके हैं, इसलिए संक्रमण रोकने के लिए टीकाकरण जरूरी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि एमआर टीका खसरा और रूबेला से सुरक्षा देता है। प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन 100–125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अभिभावकों से बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजकर अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

## प्रदेश सरकार के बजट का प्रधान संघ जिलाध्यक्ष ने की सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत 9.12 लाख करोड़ के बजट का हृदय से स्वागत करता हूँ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गाँवों के विकास के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पंचायती राज विभाग के लिए 32090 करोड़ का प्रावधान ग्राम पंचायतों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), डिजिटल लाइब्रेरी, नए एवं सुदृढ़ पंचायत भवन, ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम जैसी योजनाएँ गाँवों में स्वच्छता, शिक्षा और खेल को बढ़ावा देंगी। इससे युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। इससे हर पंचायत और हर गाँव के विकास को नई गति मिलेगी। इस जनहितकारी निर्णय के लिए मैं समस्त ग्राम प्रधान साथियों और ग्रामवासियों की ओर से प्रदेश सरकार का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं।



# सपा मुखिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के पुत्र के निधन पर जताया शोक



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बलराम सिंह यादव के बड़े पुत्र अजय कुमार यादव (गुड्डू) के निधन पर उनके शहर स्थित बलराम सिंह चौराहा आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। अखिलेश यादव ने स्वर्गीय अजय कुमार यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने अजय कुमार यादव की पत्नी पीयूषा यादव एवं पुत्र शार्दुल सिंह यादव से मुलाकात कर इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अजय कुमार यादव का निधन परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शोक संवेदना के दौरान तेज प्रताप यादव विधायक, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, एसआईआर प्रभारी उदय भान यादव, सर्वेश शाक्य, विक्की गुप्ता, रविपाल सिंह यादव, धर्मवीर यादव बिट्टू, डॉ आशीष दीक्षित, अरविंद सेंगर, उमेश राजपूत डुल्ले, प्रवीण कुशवाहा, फरहान शकील, पप्पन सिंधी, राजेश कुमार, ईशान यादव, दानिश खां सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शंकराचार्य की पूर्ण गो हत्या बंदी की माँग को सीएम योगी मंजूर कर विधान लागू करे - सुधाकर अवस्थी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी ने कहा कि अवतार पुरुष रघुवंशी राम, अवतार पुरुष चन्द्रवंशी गोपाल कृष्ण की अवतार धरा धाम व कैलाश पतिभोले बाबा की मोक्षदायिनी काशी धाम उत्तर प्रदेश में गोरक्ष पीठ के महंत के शासन काल में होते हुए सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य की पूर्ण गो हत्या बंदी व गाय को राज्य माता घोषित करने की मांग हिन्दू सनातन परम्परा के अनुकूल है जिसे सनातनी हिन्दुओं की भावनावों को दृस्टिगत रखते हुए गोरक्ष पीठधीशवर सी एम योगी आदित्य नाथ को सहर्ष स्वीकार करते हुए शीघ्र ही विधान लागू करना चाहिए। भगवान राम कृष्ण शंकर पोषित गौ वंश की रक्षा करना राम को लाने वाले तथा राम कृष्ण शिव के मंदिर बनवाने वालों का प्रथम कर्तव्य व दायित्व बनता है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राएं जागरूक

## - मिशन शक्तिअभियान में बालिकाओं को दी सुरक्षा जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना पछायगांव पुलिस द्वारा जूनियर कम्पोजिट विद्यालय जैतपुर कलां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बालिकाओं, एवं महिलाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य, हेल्पलाइन नंबर, एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम, थाना पछायगांव, द्वारा विद्यालय पहुंचकर छात्राओं, एवं महिलाओं को मिशन शक्ति फेज–5 के तहत सुरक्षा, एवं स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सतर्कता, जागरूकता, एवं आत्मविश्वास, ही महिलाओं की सबसे बड़ी सुरक्षा है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा छात्राओं, एवं महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102, 108 स्वास्थ्य सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 वूमेन हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1906 एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन, एवं 1915 उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन, के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं, विध



ावा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रध ाानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एवं आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, नशे से दूर रहने, तथा किसी भी समस्या, उत्पीड़न, या आपात स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी गई। अंत में छात्राओं, एवं महिलाओं को संदेश दिया गया कि सुरक्षित रहना, स्वस्थ रहना तथा जागरूक रहना ही सशक्त समाज की पहचान है, तथा मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक, एवं सुरक्षित बनाना है।

# ऑटो चोरी का खुलासा, दो अभियुक्तगिरफ्तार

## - अवैध तमंचा, चाकू, कारतूस, चोरी की बैटरी, नकदी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरतार किया। जिनके कब्जे से 01 अवैध चाकू, 01 अवैध तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, चोरी की गयी ऑटो की बैटरी, नकदी बरामद की गयी। 12 फरवरी को वादी पवन कुमार पुत्र मिजाजीलाल गुप्ता, निवासी ग्राम लछबाई थाना सैफई द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर अपने ऑटो संख्या यूपी–75सीटी/7747 के चोरी होने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी, सूचना के आधार पर तत्काल थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 303(2) बीएनएस, पंजी.त किया गया। उक्त ऑटो को थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा 13 फरवरी को थाना वैदपुरा क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में 13/14 फरवरी की रात्रि को थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों, श्यामू उर्फ पारस पुत्र रविन्द्र, निवासी नगला बरी, थाना वैदपुरा, लव पुत्र रामकुमार निवासी भगुइया थाना सैफई को गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध चाकू, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 चोरी किये गये ऑटो की बैटरी, तथा 950 रुपये नकद, बरामद किये गये, जो ऑटो से चोरी किये गये थे। इस सम्बन्ध में थाना वैदपुरा पर मु0अ0सं0 10/2026, धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट, व धारा 317(2) बीएनएस, पंजी.त किया गया। गिरतार अभियुक्त श्यामू उर्फ पारस पुत्र रविन्द्र, एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में कई अभियोग पंजी.त हैं। अभियुक्त लव पुत्र




रामकुमार के विरुद्ध भी थाना फ्रेण्डस कालोनी एवं थाना वैदपुरा में अभियोग पंजी.त हैं। गिरतफारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 नागेन्द्र चौधरी, थानाध्यक्ष वैदपुरा, मय टीम, उ0नि0 अमित मिश्र, थानाध्यक्ष फ्रेण्डस कालोनी, मय टीम शामिल रहे।

# गुदड़ी बाजार में 70 साल से अधिक पुरानी दुकानों के पुनर्निर्माण की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में एसपी सिटी अभय नारायण त्रिपाठी, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सी.ओ. नगर अभय नारायण राय, सीओ सैफई आरजी शर्मा, सीओ जसवंतनगर आयुषी सिंह, नगर पालिका ई.ओ. संतोष कुमार मिश्रा, यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा कि गुदड़ी बाजार में 70 साल से अधिक पुरानी दुकानें बनीं हुईं हैं। इसका पुनर्निर्माण कराया जाये गुदड़ी बाजार का विकास होना चाहिए यहाँ पर आज भी टूटी फूटी दुकानों में व्यापारी कारोबार कर रहे हैं। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा कि रोडवेज बस स्टैंड पर स्थित पुलिस सहायता बूथ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बनाया गया है, उस पर कोई पुलिस कर्मी नहीं मिलता है नियमित ड्यूटी लगाई जाये। युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा ने मांग रखी शिवरात्रि, रमजान एव होली पर्व को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। जिला महिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे, जिला संरक्षक सुशीला राजावत ने संयुक्त रूप से मांग रखी पक्की सराय बाजार में सड़क के बीचोंबीच खड़े दोपहिया वाहनों को हटवाया जाए जिससे शव वाहन एवं एम्बुलेंस निकलने में कोई परेशानी न हो। बैठक में जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला संरक्षक अखिलेश वर्मा प्रधान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, लल्लू वारसी, आलोक गुप्ता लाइन पार प्रभारी, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, बसरेहर अध्यक्ष सोनू मिश्रा, जिला मंत्री यामीन रिंकू चौधरी, मोहम्मद उवैश, मुस्तकीम राईन, अर्चना कुशवाहा महिला अध्यक्ष, वर्षा दुबे जिला महामंत्री, पूजा श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर बिलैया मठ में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो /जसवंतनगर, इटावा। सरस्वती शिशु मंदिर, बिलैया मठ में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ब्लैक डे मनाया गया। ब्लैक डे के माध्यम से विद्यालय परिवार द्वारा शहीद जवानों के बलिदान को स्मरण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित यादव के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्लैक डे केवल शोक का दिन नहीं, बल्कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए जवानों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता और उनके त्याग के कारण ही आज देश सुरक्षित है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी देते हुए जरूरतमंद और संकटग्रस्त बच्चों की सहायता के लिए समाज को जागरूक होने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख वैभव भदोरिया ने पुलवामा हमले में शहीद वीर सपूतों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका बलिदान हमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा भाव का संदेश देता है। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पशु–पक्षियों की देखभाल का महत्व समझाया तथा कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण कर, सही मार्ग पर चलकर, बड़ों और गुरुजनों का सम्मान कर ही सच्ची राष्ट्र सेवा की जा सकती है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि भविष्य में जो भी कार्य या व्यवसाय मिले, उसे ईमानदारी और सेवा भाव से करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने भी पुलवामा के शहीद वीर सपूतों को नमन करते हुए राष्ट्र सेवा और देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तुषार ने की। इस अवसर पर स्वयंसेवक मोहित, विशाल, अवतार सहित विद्यालय स्टाफ से रिंकी, अनुज एवं स्नेहलता उपस्थित रहे।



# महाशिवरात्रि पर व्यापार मंडल ने लगाया सेवा शिविर

## - व्यापारियों ने निभाई सेवा की परंपरा, 16 वर्षो से कर रहे कांवड़ियों की सेवा

## - कांवड़ियों की सेवा में जुटा व्यापार मंडल, दूध, दही, फल वितरित कर कराया विश्राम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ियों की सेवा के लिए सेवा शिविर लगाया गया, जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य बढ़–चढ़कर शामिल हुए और शिवभक्तों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। व्यापार मंडल द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने टेंट लगाकर कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार एवं विश्राम की विशेष व्यवस्था की गई। शिविर में कांवड़ियों को दूध, दही, फल एवं अन्य फलाहार सामग्री वितरित की गई, साथ ही उनके विश्राम की भी समुचित व्यवस्था की गई, जिससे शिवभक्त अपनी शिव आराधना को सुगमता से पूर्ण कर सकें। इस सेवा कार्य में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप की विशेष एवं अहम भूमिका रही, जो स्वयं उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का संचालन करते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल पिछले 16 वर्षों से लगातार महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों की सेवा करता आ रहा है और आगे भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने शिवभक्तों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है और इससे समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना मजबूत होती है। इस दौरान युवा जिला उपाध्यक्ष अंकुर शाक्य, युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दत्त तिवारी, कोषाध्यक्ष गोपाल .ष्ण भदौरिया सहित तमाम व्यापारी नेता एवं सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कांवड़ियों की सेवा में सहयोग किया।






# बालश्रम के खिलाफ अभियान, काम करते मिले चार बच्चे

## - पुलिस टीम ने नियोजकों को दिया नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के कुशल निर्देशन में जनपद में अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति उन्मूलन, एवं बालश्रम उन्मूलन को लेकर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आमजन को जागरूक करते हुए बालश्रम के खिलाफ सख्त संदेश दिया गया। चलाए गए अभियान के तहत थाना फ्रेंड्स कॉलोनी एवं इकदिल क्षेत्र में ऑटोमोबाइल वर्कशॉप, एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर सघन चेकिंग एवं



जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा पंपलेट, एवं पोस्टर चस्पा कर दुकानदारों, एवं आमजन को बालश्रम के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान चार बालक बालश्रम करते हुए पाए गए, जिस पर संबंधित नियोजकों को नोटिस तामील कराते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। भविष्य में बच्चों से कार्य न कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा लोगों को टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर, 1090, 112, 181, 1076, 1098, 102, 108, एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल इन नंबरों पर दी जा सकती है। थाना प्रभारी एएचटी द्वारा लोगों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी होटल, ढाबे, या दुकान पर बच्चों से काम कराता हुआ दिखाई दे, तो उसे तुरंत रोके, तथा चाइल्ड लाइन 1098, या आपातकालीन नंबर 112, पर सूचना दें, ताकि बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराकर उन्हें शिक्षा से जोड़ा जा सके। अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक प्रेमचन्द्र, मय एएचटी टीम द्वारा दुकानदारों एवं आमजन को बालश्रम उन्मूलन एवं बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान जनपद में लगातार जारी रहेगा।

# होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

**भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-**

**गाड़ी सं. 03435/03436 मालदा टाउन-आनन्द विहार (ट.) होली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या- 03435 मालदा टाउन - आनन्द विहार (ट.) | | | गाड़ी संख्या- 03436 आनन्द विहार (ट.) - मालदा टाउन | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:30 | मालदा टाउन | 22:30 | ---- |
| 01:50 | 01:55 | प्रयागराज जं. | 03:00 | 03:05 |
| 06:05 | 06:10 | गोविन्दपुरी | 23:30 | 23:35 |
| 09:30 | 09:32 | टूण्डला | 19:03 | 19:05 |
| 13:40 | ---- | आनन्द विहार (ट.) | ---- | 15:35 |

**मालदा टाउन सेः-** गाड़ी संख्या 03435, प्रत्येक सोमवार, दिनांक 02.03.2026 से 16.03.2026 **आनन्द विहार (ट.) सेः-** गाड़ी संख्या 03436, प्रत्येक मंगलवार, दिनांक 03.03.2026 से 17.03.2026, **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 06 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02

**गाड़ी सं. 04066/04065 आनन्द विहार (ट.)-खोरधा रोड आरक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या- 04066 आनन्द विहार (ट.) - खोरधा रोड | | | गाड़ी संख्या- 04065 खोरधा रोड - आनन्द विहार (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00:30 | आनन्द विहार (ट.) | 08:15 | ---- |
| 07:20 | 07:25 | गोविन्दपुरी | 21:20 | 21:25 |
| 10:20 | 10:25 | सूबेदारगंज | 17:55 | 18:00 |
| 11:50 | 11:52 | मिर्ज़ापुर | 16:18 | 16:20 |
| 12:30 | ---- | खोरधा रोड | ---- | 15:30 |

**आनन्द विहार (ट.) सेः-** गाड़ी संख्या 04066, दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026
**खोरधा रोड सेः-** गाड़ी संख्या 04065, दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026
**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 05, स्लीपर श्रेणी- 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01

**गाड़ी सं. 04070/04069 आनन्द विहार (ट.)-शेखपुरा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या- 04070 आनन्द विहार (ट.) - शेखपुरा | | | गाड़ी संख्या- 04069 शेखपुरा - आनन्द विहार (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00:20 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | ---- |
| 06:35 | 06:40 | गोविन्दपुरी | 11:40 | 11:45 |
| 10:00 | 10:05 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 09:05 |
| 20:30 | ---- | शेखपुरा | ---- | 22:30 |

**आनन्द विहार (ट.) सेः-** गाड़ी संख्या 04070, दिनांक 20.02.2026, 24.02.2026, 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026 **शेखपुरा सेः-** गाड़ी संख्या 04069, दिनांक 20.02.2026, 24.02.2026, 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026
**गाड़ी संरचनाः-** वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 12, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 05 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 333/26(A)

# महाशिवरात्रि पर पुलिस अलर्ट, सीओ यातायात ने किया बाजार का निरीक्षण

## – कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर सख्त इंतजाम, बाजार में पुलिस का पैदल गश्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सीओ यातायात ने बाजार में किया औचक निरीक्षण, पुलिस को दिए दिशा–निर्देश आपको बताते चलें महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में शहर के प्रमुख बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा स्वयं बाजार क्षेत्र में पहुंचे और ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस बल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। महाशिवरात्रि के अवसर पर यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार तथा थाना कोतवाली से इंस्पेक्टर (क्राइम) .ष्ण मुरारी, भारी पुलिस बल के साथ पूरे बाजार क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस टीम द्वारा पूरे बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस द्वारा सभी प्रमुख प्वाइंटों पर बैरिकेडिंग लगाकर रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई थी, जिससे कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित मार्ग मिल सके और आम जनता को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस की सक्रियता एवं बेहतर प्रबंधन के चलते महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे शहर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रही, जिससे कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं ने सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल में अपनी यात्रा जारी रखी।

# नम आंखों के बीच इंटर के छात्रों को दी विदाई

## – सांई सिटी इंट कालेज, मां सरस्वती ज्ञान मंदिर में हुआ समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जयरामनगर स्थित सांई सिटी इंटर कालेज/मां सरस्वती ज्ञान मंदिर में कक्षा बारह के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का षुभारंभ डायरेक्टर रेखा सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया। कक्षा बारह के छात्र–छात्राओं ने अपने गुरूजनों का टीका लगाकर व माला पहनाकर सम्मान जताया। सीनियर छात्र–छात्राओं का जूनियरों ने टीका लगाकर व पुश्प वर्शा करके स्वागत किया। समारोह में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य नाटक आदि प्रस्तुत करके समां बांध दिया। छात्र–छात्राओं ने स्कूल व अध्यापकों के प्रति अपने प्रेम व भावनाओं को षायरी व कविता के माध्यम से प्रकट किया। वरिश्ठ गणित षिक्षक फारूख खान ने प्रेरणागीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने लगन, मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। प्रबंधक पवन सिंह गौर ने षत–प्रतिषत उपस्थित रहने वाले छात्र–छात्राओं व परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्षन करने वाले छात्रों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। छात्रों को संबोधि ात करते हुए कहा कि निरंतर



प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुषासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, संजय सिंह, रावेन्द्र प्रताप सिंह, रवि सिंह, राजेष वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, रेखा श्रीवास्तव, मनोरमा, जयश्री, प्रिन्सी मिश्रा, पूजा द्विवेदी, रागिनी, संजना, दुर्गेष, श्रेया विष्वकर्मा, रतन सिंह, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# बजट में आए सभी मुद्दे जनहितकारी : विक्रम

## - केन्द्रीय बजट पर पूर्व विधायक के आवास पर हुई चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। केन्द्रीय बजट को लेकर विधानसभा चौपाल का आयोजन सदर विधानसभा के अन्तर्गत श्री लोक विहार कॉलोनी स्थित पूर्व विधायक विक्रम सिंह के आवास में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक मौजूद रहे। कार्यक्रम पं० दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन् कर प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा कार्यक्रम संयोजक दयाशंकर गुप्ता उर्फ भगत ने विधानसभा के सभी मण्डलों से आये कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। केन्द्रीय बजट पर पूर्व विधायक ने उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बजट में आये



सभी मुददे जनहितकारी है। जीडीपी अनुपात, ब्याज भुगतान पर व्यय को कम करके प्राथमिक क्षेत्र के व्यय के लिए संशाधनों में प्रभाव दिखेगा। युवा शक्ति संचालित बजट गरीब, शोषित व वंचित समुदायों पर विशेष ध्यान के सरकार के संकल्प पर जोर देता है। केन्द्रीय बजट चौपाल में प्रदीप गर्ग, चंदन चौहान, रामप्रकाश गुप्ता, मंजू शुक्ला, सुशीला मौर्य, ब्रजेश सोनी सभी ने मिलकर आये हुए लोगों को सम्बोधित कर बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके में सुशीला मौर्य, ज्योति प्रवीण, मंजू शुक्ला, सुशील तिवारी उर्फ बच्चा, रामप्रकाश गुप्ता, रितेश गुप्ता शोल्डी, संजय श्रीवास्तव, विनोद चंदेल, गुडडा गुप्ता, आदित्य पाण्डेय, सुनिधि तिवारी, रीना दीक्षित, ज्ञाना पासवान, ममता श्रीवास्तव, नईम अहमद, योगेश पाण्डेय, पुत्तू लाल, ब्रजेश सोनी, सोनू तिवारी, रज्जन गुप्ता, राम सिंह पाल, रामनरेश गुप्ता, सोनू सिंह प्रधान, राहुल गुप्ता, प्रशान्त सिंह, सभासद सुनील गुप्ता, अजय, महेन्द्र मौर्य, मनोज साहू, श्रीराम लोधी, महेन्द्र मौजूद रहे।

# महिला की दीवार में दबकर मौत, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में बृजेश विष्वकर्मा पुत्र सुरेश विष्वकर्मा के यहां शादी समारोह में आई उसकी रिश्ते में बुआ श्रीमती देवी पत्नी लवकुश विष्वकर्मा 50 वर्ष की एक खंडहर की दीवार में दब कर मौत हो गई। मृतका मातृ पूजन के बाद जगदीश विष्वकर्मा के खंड हर के पास से निकल रही थी। इनके पीछे राम सागर, ट्विंकल पुत्री प्रदीप विश्वकर्मा 8 वर्ष भी थे। दीवार गिरने से तीनों दब गए सभी को सीएचसी लाया गया। जहां श्रीमती देवी को मृत घोषित किया गया और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के पुत्र सर्वेश, प्रियांशी का रो–रोकर बुरा हाल है।

# जिला पत्रकार संघ की सदर तहसील इकाई का हुआ शपथ ग्रहण

## – जिले से आए पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/असोथर, फतेहपुर। जिला पत्रकार संघ/एसोसिएशन की सदर तहसील इकाई के अध्यक्ष के खाली चल रहे रिक्त पद के चयन एवं सभी पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण का कार्यक्रम शनिवार जनपद के असोथर नगर पंचायत के मंडप गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। जिला पत्रकार




एसोसिएशन संघ के सदर तहसील अध्यक्ष रहे ओमप्रकाश सिंह चंदेल उर्फ बबलू सिंह का कुछ माह पहले आकस्मिक निधन हो गया था। जिसके बाद से अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था। जिस क्रम में जिला कमेटी के प्रस्ताव के बाद शनिवार असोथर नगर पंचायत के मंडप गेस्ट हाउस मे सदर तहसील अध्यक्ष के नव चयन एवं पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सर्वसम्मति से शैलेश सिंह गौतम को सदर तहसील अध्यक्ष, प्रदीप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गेश पांडेय उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष, बाबूराम उपाध्यक्ष एवं आशीष सिंह को महामंत्री, जितेंद्र विष्वकर्मा मंत्री, शिवकुमार मंत्री, नरसिंह मौर्य संयुक्त मंत्री, ऋषभ पांडेय संगठन मंत्री, मनोज सिंह कोषाध्यक्ष, अमर केसरवानी सदस्य, रवि कुमार, आजम, रमेश सिंह यादव सहित पूरी कमेटी का चयन किया गया। जिसके बाद सभी ने पद ग्रहण किया। इस मौके पर समस्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जिले से आए पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया, रईस उद्दीन, जिला मंत्री रोहित गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार लालता दुबे, प्रवीण सिंह, फूलचंद्र वर्मा, असोथर चेयरमैन नीरज सिंह, खागा तहसील अध्यक्ष धीरेंद्र वाजपेई, महामंत्री निरंजन सिंह, संतराम सिंह, मनोज निषाद, अनीश सिंह, रामू यादव, मोहम्मद शहीद, कुमार गौरव, सोनू वर्मा, विमल, आदर्श, गोलू सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# स्वामी विज्ञानानंद ने किशोर सोलर हाउस का किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। प्रधानमंत्री सौर्य योजना के अंतर्गत किशोर सोलर हाउस का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। उपस्थित अतिथियों में आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, भाजपा



के पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री रंजन गुप्ता ने योजना की सराहना करते हुए इसे ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक रामकिशोर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सौर्य योजना के माध्यम से आमजन को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि किशोर सोलर हाउस गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करते हुए क्षेत्र के लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रमुख दीपक सेठ, विजय गुप्ता, विमल मिश्रा, आशीष गुप्ता, प्रमोद मोदनवाल, विनोद मोदनवाल, मोहित मोदनवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

# त्योहारों पर विषेश सतर्कता बरतें थाना प्रभारी : एसपी

## - संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी, गष्त व खुफिया तंत्र को रखें सक्रिय

## - अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने मातहतों के कसें पेंच

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद की कानून–व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में आगामी विभिन्न त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी, प्रभावी गश्त तथा खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने पर जोर दिया गया। एसपी ने ई–सम्मन प्रणाली के अंतर्गत जारी सम्मनों की समय से तामील सुनिश्चित कराने के



निर्देश दिए। साथ ही यक्ष एप के माध्यम से अपराधियों का सत्यापन कर आवश्यक प्रविष्टि दर्ज कराने को कहा गया। वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की शीघ्र गिरतारी के लिए विशेष अभियान चलाने पर बल दिया गया। लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापरक एवं त्वरित निस्तारण तथा समय से आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए। थानावार टॉप–10 अपराधियों और हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के सत्यापन की समीक्षा करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों, थाना समाधान दिवस एवं शिकायत प्रकोष्ठ में लंबित प्रार्थना पत्रों के शीघ्र और गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही थानों में दाखिल लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण तथा चोरी व नकबजनी की घटनाओं के त्वरित अनावरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों के समाधान और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने के निर्देश दिए।

# डायमंड फुटबाल क्लब ने चैंपियंस फुटबॉल क्लब को 4-0 से हराया

## - अतिथियों ने विजेता टीम को सौंपी ट्राफी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मानव सेवा संस्थान एवं फीफा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ लोकप्रिय सभासदों क्रमशः विनय तिवारी एवं सादाब अहमद ने किया। यह प्रतियोगिता जिले में खेल संस्ृति को बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 08 फुटबॉल टीमें भाग ले रही है। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्ष्ट तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। फुटबॉल मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांचक रहा और खेल मैदान तालियों व उत्साह से गूंजता रहा। आज खेले गए बालिकाओं के प्रारंभिक मुकाबले में डायमंड फुटबॉल क्लब और चौंपियंस फुटबॉल क्लब के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डायमंड फुटबॉल क्लब ने 4–0 गोल से जीत दर्ज कर बालिका वर्ग की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता टीम चैंपियंस फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने भी अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट समारोह के उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सभासद विनय तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ऐसे आयोजनों से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि सादाब अहमद ने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के फुटबॉल टूर्नामेंट न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि उनमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की




भावना भी विकसित करते हैं। बालिका वर्ग की विजई टीमों को सामाजिक कार्यकर्ता धीरज कुमार, एडवोकेट मो0 आसिफ एवं अरबपुर सभासद मो. इस्माइल ने ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान किए। टूर्नामेंट में प्रदीप कुमार पांडेय, वसीम खान, सुरेश श्रीवास्तव खेल शिक्षक–पूजा गुप्ता, सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि, खेलप्रेमी, कोच अंसार अहमद एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे भविष्य में और बड़े स्तर पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मानव सेवा संस्थान की ओर से जय प्रकाश त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागी टीमों, अतिथियों, अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 17 फरवरी को विधानसभा का घेराव करेंगे कांग्रेसी : महेश

## - मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई के लिए पार्टी वचनबद्ध : मो0 आरिफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म किए जाने के




विरोध में आगामी 17 फरवरी को कांग्रेसी विधानसभा का घेराव करेंगे। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई खुलकर लड़ेगी। यह बात षनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेष द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। श्री द्विवेदी ने कहा कि 2005 में यूपीए सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था एवं ग्राम पंचायतो को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया था। जो कोविड 19 महामारी जैसे संकट में सम्मान के साथ ग्रामीण मजदूरों के जीवन यापन में बहुत ही कारगर साबित हुई जिसे भाजपा सरकार खत्म करने का प्रयास कर रही है। एसआईआर के बावत बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिले की शाह अयाह विधानसभा में बीएलओ पर दबाव बनाकर जबरन फार्म 7 भराए जा रहे हैं जबकि उक्त सभी मतदाता गांव में ही उपस्थित हैं जिसमें ऐझी गांव में सत्तर फार्म 7 भरे गये जिसमें सभी लोग वर्तमान में गांव में ही है। इसी तरह ललौली में भी भारी संख्या में वोट काटे गये जिनका प्रमाण हमारे पास उपलब्ध है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि कांग्रेस गरीबों के हित की लड़ाई में बचनबद्ध है। मनरेगा बचाओ संग्राम ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई है जिसे मूर्त रूप में ही रखने के लिए पार्टी आर–पार की लड़ाई लड़ेगी। चाहे जिस हद तक जाना पड़े। इसी क्रम में आगामी 17 तारीख को कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा घेराव कर सरकार को बाध्य कर कर देंगे कि मनरेगा पूर्ववत रखा जाए। पत्रकार वार्ता में मनरेगा कोऑर्डिनेटर आरिफ खान, देवी प्रकाश दुबे, कलीम उल्ला सिद्दीकी, प्रकाश पाण्डेय, माधुरी रावत, आदित्य श्रीवास्तव, पंडित रामनरेश महाराज, आनंद सिंह गौतम, गुफरान भी मौजूद रहे।

# जैविक खेती ही है हल, आज नहीं तो कल

## - मेला व प्रदर्शनी में किसानों ने सीखे जैविक खेती के गुण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम विकास खंड के अब्दुल्लापुर बाकर में .षि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर ग्रीनरी एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में नमामि गंगे योजना अंतर्गत जैविक .षि मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में तीन सौ ज्यादा किसानों ने .षि वैज्ञानिकों व मास्टर ट्रेनरो द्वारा बताए गए जैविक खेती व प्रा.तिक खेती के फायदे को ध्यानपूर्वक सुना। ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार लोधी की अध्यक्षता में मेला व



प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। डॉ. ओपी वर्मा सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक .षि विभाग भारत सरकार ने कहा जैविक खेती मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती है। पर्यावरण को सुरक्षित रखती है और फसल को स्वस्थ बनाती है। इसमें फसल चक्र, मिश्रित फसल और पशुपालन का एकी.त उपयोग प्रमुख है। डा. शिवमंगल सिंह सेवानिवृत्त प्रोफेसर चंद्रशेखर आज़ाद .षि विष्वविद्यालय ने नीम की खेती में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रा.तिक खेती के प्रशिक्षक रमाकांत तिवारी ने जीवामृत, बीजामृत के बारे में जानकारी देकर सजीव प्रदर्शन कर किसानों को इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर बीरेंद्र सिंह यादव ने बिना रसायन फेरोमैन ट्रैप, ग्लू ट्रैप से कीट नियन्त्रण कर लागत कम करने पर ध्यान आ.षित किया। औषधीय खेती से लाभ प्राप्त करने की अमित श्रीवास्तव ने जानकारी दी। मेला में पीएम श्री योजना, किसान सम्मान निधि, यंत्रीकरण योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आलोक गौड़ व शिव सिंह सागर ने सयुक्त रुप से किया। प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर रमेश पटेल, विकास कुमार, बृजेश सिंह यादव, अनुपम सिंह चौहान, राहुल सिंह, रामौतार आदि रहे।

# युवाओं ने अपने-अपने अंदाज में मनाया वैलेंटाइन डे

## - चौराहों पर पुलिस का रहा पहरा, नव दम्पतियों में दिखा उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दुनिया भर में प्यार के इजहार के लिये मनाया जाने वाला दिन वैलेंटाइन–डे के रूप में प्रसिद्ध है। इस दिन कपल एक–दूसरे से अपने दिल की गहराइयों से प्यार का इजहार करते है। वैलेंटाइन–डे जितना प्यारा है उसकी शुरुआत उतनी ही दुखभरी है। बहरहाल दुनिया भर में प्यार करने वालों के लिये प्रसिद्ध हो चुके वैलेंटाइन–डे अपने आप में अनोखा त्योहार है। प्यार करने वाले इस दिन का वर्ष भर बेसब्री से इंतेजार करते है। विश्व प्रसिद्ध ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नाम की पुस्तक के मुताबिक रोम के पादरी संत वैलेंटाइन दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने में मान्यता रखते थे। उनके लिए जीवन ही प्रेम था लेकिन रोम के राजा क्लॉडियस को लगता था कि प्रेम और विवाह से पुरुषों की बुद्धि और शक्ति दोनों ही खत्म होती हैं। इसी वजह से उसे यह नागवार लगता था यह तक कि उसके राज्य में सैनिक और अधिकारी शादी नहीं होती थी। संत वैलेंटाइन ने राजा क्लॉडियस के इस आदेश का विरोध किया और अधिकारियों और सैनिकों प्यार के लिये प्रोत्सहित किया और उनकी शादियां करवा दी। इस बात से नाराज राजा क्लॉडियस ने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी 269 में फांसी पर चढ़वा दिया। उस दिन से हर साल इसी दिन को प्यार के दिन के तौर पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि संत वैलेंटाइन



ने अपनी मौत के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को अपनी आंखे दान कीं थी। सेंट ने जेकोबस को एक पत्र भी लिखा, जिसके आखिर में उन्होंने लिखा था तुम्हारा वैलेंटाइन। तबसे हर वर्ष इस दिन को संत वैलेंटाइन डे के रूप में प्यार करने वाले मनाते चले आ रहे हैं। वैलेंटाइन–डे मनाने के लिये युवाओं में माह भर पहले से तैयारियां शुरू हो जाती हैं। इस दिन को विशेष पर्व के रूप के मनाने के लिये युवाओं को एक दूसरे को तोहफे देने के लिये गिट शाप बड़ी संख्या में गिट का स्टॉक मंगाते है व दुकानों को विशेष रूप से सजाया जाता है जबकि होटल व रेस्तराँ युवा कपल का स्वागत करने के लिये विशेष तैयारियां व सजावट करते है। जनपद में वैलेंटाइन के अवसर पर उत्साह देखा गया। वैलेंटाइन–डे को देखते हुए नई शादीशुदा युवतियों द्वारा ब्यूटी पार्लर व इस दिन के लिये विशेष रुप से कपड़ो की खरीदारी की गयी थी। हालांकि पूर्व में बजरंग दल व अन्य संगठनों के विरोध को देखते हुए नवयुवा तो सार्वजनिक जगह पर कम ही दिखाई दिए जबकि वेलेंटाइन डे के मौके पर होने वाली हुड़दंग को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन पर शहर के सभी चौराहों पर चौकी इंचार्जों के साथ–साथ भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार भ्रमण किया गया।

# पुलवामा शहीदों का बलिदान नहीं भूलेगा हिंदुस्तान

## – रेडक्रास सोसाइटी ने कैंडल जलाकर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव



के नेतृत्व में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में शहीद हुए जाबांज सैनिकों की स्मृति में कैंडल जलाकर पटेल नगर चौराहे पर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा स्थल में माल्यार्पण, पुष्पांजलि व सेल्फी पॉइंट आई लव में श्रद्धांजलि दी गई। सभी लोगों ने भारत माता की जय, वन्देमातरम, वीर सैनिक अमर रहें, पुलवामा हमले का बलिदान नहीं भूलेगा हिंदुस्तान के नारे लगाएं। फिर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्या स्मिता सिंह, आजीवन सदस्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, रामप्रकाश मौर्य, केके सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, गोरेलाल लोधी, मनीष यादव, विभा मिश्रा, प्रशांत पाटिल, वेदप्रकाश गुप्ता, प्रवीण अवस्थी, कौशल कुमार, प्रशांत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव प्रसून, श्रवण कुमार गुप्ता, शरद कुमार श्रीवास्तव, श्रवण कुमार पांडेय पथिक सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ओवरलोड ट्रक का धुरा टूटा, लगी वाहनों की लंबी कतारें

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के किशनपुर कस्बे से बांदा जनपद को जोड़ने वाले दादों यमुना पुल के वैकल्पिक मार्ग पर शनिवार भोर पहर उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब दोगुना ओवरलोड मोरंग लदे एक ट्रक का धुरा अचानक टूट गया। ट्रक बीच मार्ग में खड़ा हो जाने से असहट सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह जाम की चपेट में आ गया। सुबह–सुबह दैनिक कामकाज के लिए निकलने वाले राहगीर, स्कूली बच्चे और ग्रामीण घंटों जाम में फंसे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ ही देर में बांदा जनपद की मोरंग खदानों से ओवरलोड मोरंग लेकर आने वाले सैकड़ों अंतर्जनपदीय वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब आधा सैकड़ा ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर–ट्रॉली बिना प्रपत्र, बिना नंबर प्लेट और कथित रूप से बिना फिटनेस के मार्ग पर खड़े दिखाई दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि ओवरलोड परिवहन लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। जाम से परेशान राहगीरों ने अपर जिला अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देकर तत्काल राहत की मांग की। सूचना मिलने के बाद उच्चाधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों को निर्देश दिए, किंतु लगभग तीन घंटे तक राजस्व, खनन व परिवहन विभाग की कोई संयुक्त टीम मौके पर नहीं पहुंची। दोबारा शिकायत किए जाने के बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट और खनन निरीक्षक को मौके पर आना पड़ा। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों के पहुंचने की सूचना पहले ही लीक हो गई, जिसके चलते दर्जनों ओवरलोड वाहन आनन–फानन में वापस मुड़कर बांदा सीमा की ओर निकल गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि केवल दो–चार वाहनों पर औपचारिक कार्रवाई कर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, जिससे कार्रवाई महज खानापूर्ति जैसी प्रतीत हुई। घटना के बाद भी क्षेत्र में ओवरलोड परिवहन को लेकर लोगों में आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध व ओवरलोड परिवहन पर सख्त और निरंतर कार्रवाई कर जाम और हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अर्न्तगत जोनिहा रोड पर शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 47 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के सैय्यदवाडा मोहल्ला निवासी स्व0 हारून का पुत्र जावेद उर्फ बन्दर अपने निजी काम से बिन्दकी किसी काम से गया था। देर रात लौटते समय जब वह जोनिहा रोड़ पर पहुंचा तभी तेज रतार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भतीजे आफिर ने दी है।

# तिलक में जा रहे बाइक सवार को वाहन ने रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा गैस एजेन्सी के समीप देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी सीताराम का पुत्र पवन कुमार शाम बाइक से बहुआ कस्बा तिलक समारोह में जा रहा था। जैसे ही वह बहुआ गैस एजेन्सी के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# कांग्रेस विधि विभाग के पुनः जिलाध्यक्ष बने आदित्य

## - युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने दिया आशीर्वाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट के पुनः कांग्रेस विधि विभाग का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खागा नगर पंचायत में गांधी प्रतिमा के सामने कानपुर



से आए पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पांडेय ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद दिया। स्वागत के पष्चात जिलाध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। संगठन को और मजबूती प्रदान की जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा, अरुण कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश एडवोकेट, रणजीत मौर्य एडवोकेट, नौशाद अहमद, निजाम, देवी प्रकाश दुबे, सैयद साहब अली, आरिफ, कलीमउल्ला, प्रकाश पांडेय, नवनीत तिवारी, पंडित राम नरेश महाराज, अकरम उर्फ काले सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )